हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, रविवार 18 अक्टूबर 2026

हरिभूमि

समाचार ही नहीं, विचार भी

&

inh 24x7

बढ़ते भारत की आवाज़





मिल्कियाना®

Balanced Cattle Feed

Presents

डॉ. हिमांशु द्विवेदी

प्रधान संपादक

हरिभूमि, आईएनएच

मा. रामविचार नेताम

कैबिनेट मंत्री- आदिम जाति विकास,
कृषि विकास एवं किसान कल्याण, जैव प्रौद्योगिकी,
मछली पालन एवं पशुधन विकास मंत्री

कृषि संवाद

Agriculture Conclave 2026



Saturday, 24 Oct 2026 | Time : 2.00 PM

Vivekanand Auditorium,
Indira Gandhi Krishi Vishwavidyalaya, Raipur (C.G.)

Supported By

Health Partner

NABARD

aries agro limited

KSC TECHNO PVT. LTD.
Pioneering a Digital Revolution

ITSA HOSPITALS
HEALTHCARE. HOSPITALITY. HARMONY.

SARDA

tirupati धार्मिक यात्रा सेवा समिति

AVK™

ए.एन.आटोमोबाईल

AANDRAYA ENTERPRISES





नवरात्रि अष्टमी पर विशेष

तप, त्याग और आस्था की प्रतीक हैं मां महागौरी

नवरात्रि के आठवें दिन मां दुर्गा के आठवें स्वरूप मां महागौरी की पूजा-अर्चना की जाती है। मां गौरी को पवित्रता, शांति, करुणा और सौंदर्य का प्रतीक माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, मां महागौरी अपने भक्तों के कष्ट दूर कर उनके जीवन में सुख, समृद्धि और सकारात्मकता का संचार करती हैं। अष्टमी तिथि पर मां गौरी की विशेष पूजा का विधान है। इस दिन देशभर में श्रद्धालु विधि-विधान से माता की आराधना करते हैं और परिवार की खुशहाली की कामना करते हैं।

अत्यंत सौम्य और दिव्य है मां का स्वरूप

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, मां महागौरी का वर्ण अत्यंत गौर है, इसलिए उन्हें महागौरी कहा जाता है। उनका स्वरूप शांत, दिव्य और मन को शांति प्रदान करने वाला है। मां के चार हाथ हैं। वे अपने हाथों में त्रिशूल और डमरू धारण करती हैं, जबकि अन्य दो हाथ भक्तों को अभय और वरदान प्रदान करने की मुद्रा में रहते हैं। मां का वाहन वृषभ अर्थात बैल है। इसी कारण उन्हें वृषारूढ़ा भी कहा जाता है। सफेद वस्त्र धारण करने वाली मां महागौरी को श्वेत रंग विशेष प्रिय माना जाता है। उनकी आराधना से मन में पवित्र विचारों और सद्भावना का विकास होता है।

कठोर तपस्या से प्राप्त हुआ गौर वर्ण

पौराणिक कथा के अनुसार, मां पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए कठोर तपस्या की थी। लंबे समय तक तपस्या करने के कारण उनका शरीर धूल और मिट्टी से ढक गया था। भगवान शिव ने गंगाजल से उन्हें स्नान कराया, जिससे उनका स्वरूप अत्यंत उज्ज्वल और गौर हो गया। तभी से वे महागौरी के नाम से प्रसिद्ध हुईं। यह कथा समर्पण, धैर्य, आस्था और दृढ़ संकल्प का संदेश देती है।

अष्टमी पर पूजा और कन्या पूजन का विशेष महत्व

नवरात्रि की अष्टमी तिथि को मां महागौरी की पूजा के साथ कन्या पूजन की परंपरा भी निभाई जाती है। श्रद्धालु छोटी कन्याओं को देवी का स्वरूप मानकर उनका पूजन करते हैं और उन्हें भोजन कराकर उपहार व दक्षिणा देते हैं। मान्यता है कि सच्चे मन से की गई पूजा से मां अपने भक्तों पर कृपा बरसाती हैं। पूजा के दौरान मां को सफेद या हल्के रंग के पुष्प अर्पित किए जाते हैं। भक्त दुर्गा सप्तशती का पाठ करते हैं और मां के मंत्रों का जाप कर परिवार की सुख-समृद्धि की प्रार्थना करते हैं।

शांति, सद्भाव और सकारात्मकता का संदेश

मां महागौरी की आराधना केवल धार्मिक अनुष्ठान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन में शुद्धता, विनम्रता, प्रेम और सेवा भाव अपनाने की प्रेरणा भी देती है। उनका स्वरूप हमें सिखाता है कि कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य और विश्वास बनाए रखना चाहिए। नवरात्रि की अष्टमी पर मां गौरी की वंदना कर श्रद्धालु अपने जीवन से नकारात्मकता दूर करने और सुख-शांति बनाए रखने की कामना करते हैं।

मां गौरी से यही प्रार्थना है कि वे सभी के जीवन में सुख, शांति, स्वास्थ्य और समृद्धि प्रदान करें तथा समाज में प्रेम, सद्भाव और भाईचारे की भावना को मजबूत बनाएं। जय माता दी!













हरिभूमि रायपुर भूमि



ड्रोन फोटोः भूपेश जांगड़े

इन जगहों पर बनेंगे फ्लाईओवर

- अग्रसेन चौक 1 किमी.
- तेलीबांधा 1.5 किमी.
- उद्योग भवन 1 किमी.
- सरोना चौक 1 किमी.



पहला फ्लाईओवर, जो दूसरे ब्रिज के ऊपर से गुजरेगा

करंसी टॉवर से रिंगरोड क्रॉस कर गौरवपथ मार्ग पर उतरेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अलग खबर

राजधानी रायपुर में पहला ऐसा ओवरब्रिज बनने जा रहा है, जो दूसरे ओवरब्रिज के ऊपर से होकर गुजरेगा। यह ब्रिज राममंदिर वीआईपी रोड करंसी टॉवर के पास से शुरू होकर रिंग रोड क्रास कर तेलीबांधा ओवरब्रिज के ऊपर से होकर एक्सप्रेस-वे के पहले गौरवपथ पर उतरेगा। इस ब्रिज के बनने से वीआईपी रोड से शहर के अंदर प्रवेश करने वाली गाड़ियों को रिंग रोड क्रास करना नहीं पड़ेगा तथा फ्लाईओवर से होकर बिना रुकावट के शहर के अंदर प्रवेश कर पाएंगी। राजधानी रायपुर लगातार विकसित हो रहा है, जिससे आबादी ⏭शेष पेज 6 पर



चार नए फ्लाईओवर का निर्माण

शहर में 274 करोड़ रुपए की लागत से 4 नए फ्लाईओवर का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए टेंडर जारी कर दिए गए हैं। 28 अक्टूबर तक आवेदन मंगाए गए हैं। 29 अक्टूबर को टेंडर खोला जाएगा। फ्लाईओवर बनने से ट्रैफिक समस्या से काफी राहत मिलेगी।

- दिग्विजय सिंह, प्रोजेक्ट डायरेक्टर, एनएचएआई, रायपुर

नवरात्रि विशेष



अष्टमीः महागौरी

महागौरी देवी भगवती का आठवां स्वरूप है। आठवें नवरात्रि को माता के महागौरी स्वरुप की आराधना का विधान है। महागौरी ही देवी शाकुंभरी, दुर्गा, त्रिनेत्री, मन्शा, चंडी और शताक्षी हैं। देवी महागौरी ने पार्वती रुप में महादेव को पति के रुप पाने के लिए कठोर तपस्या की थी। इससे उनका शरीर कृष्णवर्णी हो गया। इस तपस्या से प्रसन्न होकर महादेव ने इनके शरीर पर पावन गंगाजल की धारा डाली। फौरन महामाता विद्युतप्रभा के समान कांतिमान गौरवर्ण की हो गई। तभी से इनका नाम महागौरी पड़ा। महादेव से दैवी शक्तियों हासिल करने के बाद महागौरी ने शुंभ-निशुंभ, चंड-मुंड, रक्तबीज आदि दैत्यों का संहार किया। इन्हें दुर्गा नाम भी दिया गया। महागौरी की उपमा शंख, चंद्र और कंद के फूल से की गई है। इनके समस्त वस्त्र, आभूषण आदि श्वेत है। इनकी चार भुजाएं हैं और वाहन वृषभ है। इनकी मुद्रा अत्यंत शांत है। मां की शक्ति अमोघ फल दने वाली है। माता महागौरी मनुष्य की वृत्तियों को सत और प्रेरित करके असत का विनाश करती हैं। गृहस्थों के लिए तो महागौरी की पूजा विशेष मंगलकारी मानी जाती है। महागौरी का आराधना मंत्र है-

श्वेते वृषे समारूढ़ा श्वेताम्बरधरा शुचिः।
महागौरी शुभं दद्यान्महादेवप्रमोदया॥

गरबा पंडालों में महिला पुलिस की पिंक पेट्रोलिंग

रायपुर। गरबा पंडालों में महिलाओं-युवतियों की सुरक्षा के लिए पुलिस कमिश्नरेट ने विशेष पहल करते हुए पिंक पेट्रोल यूनिट चलाने का निर्णय लिया है। महिला पुलिस अंडरकवर ऑपरेशन करते हुए गरबा ड्रेस पर पैनी निगाह रखेगी। किसी भी सूचना पर पिंक पैट्रोल यूनिट त्वरित रिस्पॉन्स करते हुए असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करेगी।

खेल मैदान के पुनर्विकास की है योजना, नगर उत्थान में 15 करोड़ का प्रोजेक्ट

निगम ने कलेक्टर को पत्र लिखकर मांगी गॉस मेमोरियल खेल मैदान की जमीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खबर विशेष

राजधानी के सिविल लाइंस स्थित गॉस मेमोरियल खेल मैदानी की दशा सुधरेगी। यहां सर्व सुविधायुक्त खेल स्टेडियम बनाया जाएगा। इसके लिए नगर उत्थान योजना में 15 करोड़ का प्रोजेक्ट बनाया जा रहा है। गॉस मेमोरियल खेल मैदान रीडेवलपमेंट प्रोजेक्ट को धरातल पर लाने रायपुर नगर निगम जिला कलेक्टर को पत्र लिखकर सिविल लाइंस स्थित गॉस मेमोरियल खेल मैदान वाली जमीन मांगी है। पत्राचार के बाद जमीन के लिए जिला प्रशासन से प्रशासकीय स्वीकृति मिलते ही एजेंसी तय करने ऑनलाइन टेंडर किया जाएगा। गॉस मेमोरियल खेल मैदान वाली जमीन में खिलाड़ियों के प्रशिक्षण और खेलकूद गतिविधियों के अभ्यास की सुविधा के साथ ही बच्चों व युवाओं के दौड़ने के लिए रनिंग ट्रैक बनाया जाएगा।

दरअसल, शहर के मध्य में स्थित 6 एकड़ में फैले गॉस मेमोरियल खेल मैदान का पुनर्विकास कर उसे आधुनिक खेल स्टेडियम का स्वरूप देने की तैयारी है। निगम प्रशासन ने इस खेल मैदान की जमीन को नगर निगम को देने जिला कलेक्टर को पत्र लिखा है। प्रशासकीय स्वीकृति मिलते ही निर्माण एजेंसी तय करने ऑनलाइन टेंडर किया जाएगा।

15 करोड़ का प्रोजेक्ट भी तैयार

खिलाड़ियों के लिए रनिंग ट्रैक, दर्शक दीर्घा, हरी घास लगेगी, लाइट के साथ फिटनेस इक्वीपमेंट भी



2022 में हुई थी लीज समाप्त, जिला प्रशासन ने लिया था कब्जे में

साल 2022 में इसकी लीज समाप्त होने के बाद जिला प्रशासन ने इस मैदान को अपने कब्जे में में लेकर इसे विकसित करने पहल की। पांच दशक पुराने सिविल लाइन इलाके के इस खेल मैदान में जिसमें बाबर बंगला वाला क्षेत्र समाहित है, उसे 15 माह पहले तत्कालीन निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर जोन 4 कमिश्नरी स्थल पर जाकर जमीन को कब्जे में लिया गया था। यह तय हुआ कि इस जमीन को खेल प्रयोजन के लिए ही सुरक्षित रखा जाएगा। इसमें किसी तरह के व्यावसायिक प्रयोजन संबंधी आयोजन की मनाही की गई है। मुख्यमंत्री नगर उत्थान योजना में इसे खेल मैदान के रूप में सर्व सुविधा युक्त बनाने की योजना है। जिससे कि स्थानीय युवाओं को खेल प्रशिक्षण और अभ्यास के लिए शहर के बीच बेहतर खेल मैदान आसानी से मिल सके। यही नहीं, राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के आयोजन की संभावना बढ़ेगी। इस जमीन का बाजार मूल्य करीबन 300 करोड़ आंका गया है।

पूरक चालान में नाम आने पर आबकारी अपर आयुक्त सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शराब घोटाला में पिछले दिनों एसीबीईओडब्लू ने स्पेशल कोर्ट में 22 फर्म तथा 20 आरोपियों के खिलाफ पूरक चालान पेश किया है। पूरक चालान में आबकारी अपर आयुक्त आशीष श्रीवास्तव का नाम आने पर राज्य सरकार ने उन्हें निलंबित करने का आदेश जारी किया है।

- शराब घोटाला में आरोपियों की सूची में आशीष श्रीवास्तव का नाम शामिल

निलंबन आदेश 14 अक्टूबर 2026 से प्रभावी किया गया है। इस अवधि में श्रीवास्तव का मुख्यालय नवा रायपुर स्थित आबकारी आयुक्त कार्यालय रहेगा और उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता दिया जाएगा। शराब घोटाले में ईओडब्ल्यू ने 17 जनवरी 2024 को एफआईआर दर्ज की थी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की 11 जुलाई 2024 को भेजी गई गोपनीय रिपोर्ट में तत्कालीन आईएएस अधिकारी अनिल टूटेजा, आबकारी अधिकारी अरुणपति त्रिपाठी सहित अन्य लोगों की भूमिका का उल्लेख किया गया था। जांच के दौरान आबकारी विभाग के तत्कालीन अपर आयुक्त रहे आशीष श्रीवास्तव के खिलाफ भी प्रथम दृष्टया आरोप प्रमाणित पाए गए थे। केंद्रीय के साथ राज्य की जांच एजेंसी शराब कारोबार में कथित अवैध कमीशन वसूली, सरकारी दुकानों से बिना हिसाब शराब की बिक्री और डिस्टिलरी कंपनियों के बीच कार्टेल बनाकर बाजार हिस्सेदारी तय करने के आरोपों की जांच कर रही हैं। इस प्रकरण में करीब 50 लोगों को आरोपी बनाया गया है। इनमें आबकारी विभाग के करीब 29 अधिकारी भी शामिल हैं।

महादेवघाट के विसर्जन कुंड में दुर्गा प्रतिमाओं का होगा विसर्जन

विसर्जन व्यवस्था के सुचारू संचालन, निगरानी के लिए अधिकारियों, कर्मचारियों की तीन पाली में लगाई ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

गणेशोत्सव के बाद नवरात्रि में 9 दिनों तक मां दुर्गा की विधि-विधान से पूजा अर्चना कर 20 अक्टूबर से राजधानी में दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन शुरू होगा। इसके लिए रायपुर नगर निगम ने पर्यावरण सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए महादेवघाट खारुन नदी के पास बनाए गए विसर्जन कुंड में दुर्गा प्रतिमाओं का सम्मानपूर्वक विसर्जन किया जाएगा। निगम आयुक्त संबित मिश्रा के आदेश पर इसकी प्रशासनिक तैयारियां की गई हैं। जोन 8 कमिश्नर राजेश्वरी पटेल को मुख्य जिम्मेदारी सौंपी गई ⏭शेष पेज 6 पर

दशहरा उत्सव के लिए व्यापक प्रबंध

20 अक्टूबर को आयोजित होने वाले दशहरा उत्सव के लिए शहर के प्रमुख स्थलों पर रावण पुतला दहन के लिए व्यापक प्रशासनिक प्रबंध किए गए हैं। राजधानी के ऐतिहासिक डब्लूआरएस कालोनी स्थित दशहरा मैदान, माठागांव के रावणभाठा मैदान, चौबे कालोनी मैदान, शंकर नगर, रामकुंड के पास होने वाले दशहरा उत्सव के कार्यक्रमों के लिए संबंधित जोन कमिश्नरों को नोडल अधिकारी बनाया गया है। इन स्थलों पर साफ-सफाई, पेयजल ⏭शेष पेज 6 पर

भाजपा प्रदेश प्रभारी स्मृति का फरमान- होर्डिंग्स न लगाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भाजपा की नई प्रदेश प्रभारी स्मृति ईरानी का 25 अक्टूबर को पहली बार रायपुर आगमन हो रहा है। उनके आगमन पर प्रदेश भाजपा



संगठन ने विमानतल से लेकर कुशाभाऊ ठाकरे परिसर तक भव्य स्वागत की तैयारी की है। भाजयुमो की बड़ी बाइक रैली भी निकलेगी जो प्रदेश प्रभारी के वाहन के सामने चलेगी। इस बीच प्रदेश प्रभारी का फरमान आया है कि उनके स्वागत में किसी भी तरह से कोई भी होर्डिंग्स न लगाई जाए। स्वागत में सिर्फ भाजपा के झंडे रहेंगे। छत्तीसगढ़ के इतिहास में ऐसा पहली बार होगा, जब ⏭शेष पेज 6 पर

स्वागत में बाइक रैली

प्रदेश प्रभारी स्मृति ईरानी का विमानतल से लेकर कुशाभाऊ ठाकरे परिसर तक भव्य स्वागत होगा। रास्ते में भी कई स्थानों पर उनका स्वागत किया जाएगा। प्रदेश के ज्यादातर मंत्री, सांसद, विधायक और प्रदेश भाजपा के नेता विमानतल पर स्वागत करने के लिए जाएंगे। इसी के साथ विमानतल से लेकर ठाकरे परिसर तक भाजयुमो की बाइक रैली निकाली जाएगी। इसमें बड़ी संख्या में भाजयुमो के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल होंगे। ठाकरे परिसर पहुंचने पर भी प्रदेश प्रभारी का स्वागत किया जाएगा।

शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ी जमीन की कीमत

नवरात्रि में इस बार सिर्फ 5 दिन ही दफ्तर खुले रहे

नवरात्रि में इस बार रजिस्ट्री धड़ाम, 500 का आंकड़ा भी पार नहीं, कमाई भी आधी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

शारदीय नवरात्रि में इस बार प्रॉपर्टी की खरीदी-बिक्री पर महंगाई का खासा असर रहा है, जिसके कारण इस बार रायपुर के पंजीयन दफ्तर में होने वाली रजिस्ट्री में भी भारी गिरावट आई है। नवरात्रि में इस बार सिर्फ 5 दिन ही दफ्तर खुले रहे। इस दौरान लगभग 485 रजिस्ट्री ही हो पाई, जिससे पंजीयन शुल्क एवं मुद्रांक शुल्क मिलाकर लगभग सात करोड़ रुपए की आय हुई है। पिछले वर्ष नवरात्रि के दौरान लगभग 9 सौ रजिस्ट्री हुई थी, जिससे लगभग 14 करोड़ रुपए की आय हुई थी। इस तरह इस बार रजिस्ट्री के साथ कमाई भी आधी हुई है।

नवरात्रि के 9 दिनों में 4 दिन अवकाश

शारदीय नवरात्रि में इस बार पंजीयन दफ्तर में रजिस्ट्री कराने वालों की भीड़ आधी रही। हर साल शारदीय नवरात्रि के दौरान जमकर रजिस्ट्री होती है, लेकिन इस बार रजिस्ट्री में भारी गिरावट आई है। इस बार नवरात्रि 11 तारीख से शुरू हुई है। पहले दिन ही रविवार अवकाश होने के कारण दफ्तर खुला नहीं। इसके बाद लगातार ⏭शेष पेज 6 पर



इस बार कम हुई

पिछले वर्ष की तुलना में इस बार शारदीय नवरात्रि में रजिस्ट्री कम हुई है। इसके कारण आय भी कम हुई है। हालांकि इस बार पितृ पक्ष में पिछले वर्ष की तुलना में ज्यादा रजिस्ट्री हुई है। दीपावली तक रजिस्ट्री बढ़ने की संभावना है।

- विनोज कोचे, पंजीयक रायपुर

रजिस्ट्री में निरंतर गिरावट

पंजीयन दफ्तर से मिले आकड़ा बताता है कि पिछले कुछ वर्षों शारदीय नवरात्र में रजिस्ट्री तथा उससे विभाग को होने वाली कमाई में निरंतर गिरावट आई है। इस बार नवरात्रि में कुल लगभग 485 रजिस्ट्री हुई है, जिससे लगभग 7 करोड़ रुपए की कमाई हुई है। इसमें पंजीयन शुल्क 2.40 करोड़ एवं मुद्रांक शुल्क 4.57 करोड़ रुपए की आय हुई है। इससे पूर्व वर्ष 2025 में लगभग 9 सौ रजिस्ट्री हुई थी, जिससे लगभग 14 करोड़ रुपए की आय ⏭शेष पेज 6 पर

नई गाइड लाइन के कारण भी रजिस्ट्री में गिरावट

जमीन को लेकर विभाग द्वारा लागू की गई नई गाइड लाइन से जमीनों की कीमत भी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ गई है। जमीन की कीमत बढ़ने से मकान, दुकान सहित अन्य भवनों की कीमत भी बढ़ गई है। जब से जमीन की कीमत बढ़ी है, तब से प्रॉपर्टी की खरीदी-बिक्री में भी भारी गिरावट आई है।



हरिभूमि

रायपुर, रविवार 18 अक्टूबर 2026

लाइव

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937



अमायरा गार्डन में कंगना रनौत की मौजूदगी ने बढ़ाई रौनक, ललित महल में गरबा महोत्सव का आगाज

भजनों की धुन पर थिरके युवा, गरबा महोत्सव में दिखे रंगबिरंगे अंदाज



नवरात्रि की सप्तमी पर राजधानी में गरबा महोत्सव की धूम रही। ललित महल में हरिभूमि और आईएनएच मीडिया पार्टनर की ओर से आयोजित गरबा महोत्सव का शुभारंभ हुआ। वहीं, अमायरा गार्डन में गुंजन आयोजन के गरबा कार्यक्रम में बॉलीवुड अभिनेत्री और सांसद कंगना रनौत की मौजूदगी ने गरबा आयोजन को खास बना दिया। कंगना ने गरबा के मंच से ही स्टेप्स किए, जिससे प्रतिभागियों का उत्साह और बढ़ गया। कंगना ने कहा कि रायपुर आकर हमेंशा अच्छा लगता है। गरबा आयोजन में आने की खुशी है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान कार्यक्रम में हरिभूमि व आईएनएच न्यूज के प्रधान संपादक डॉ. हिमाशु द्विवेदी मौजूद रहे।





रायपुर। गरबा स्थल पर देर रात तक उत्सव की रौनक बनी रही। गरबा स्थलों पर डांडियों की खनक, पारंपरिक संगीत और भजनों की धुन के बीच महिला, पुरुष और बच्चे रंग-बिरंगे परिधानों में सजे नजर आए। भक्ति गीतों की धुन गूंजते ही माहौल भक्तिमय हो गया। युवाओं ने सुर और ताल के साथ कदम मिलाए, वहीं परिवारों ने भी उत्साहपूर्वक गरबा में हिस्सा लिया। गुजरात और राजस्थान की पारंपरिक वेशभूषा में पहुंचे प्रतिभागियों ने अपने नृत्य और अंदाज से आयोजन में रंग जमाया। कार्यक्रम में गुंजन चौहान चंदेल और उनकी टीम उपस्थित रही।



लाइटिंग वाले परिधानों ने खींचा ध्यान

अमायरा गार्डन में गरबा महोत्सव में परिधानों के साथ किए गए प्रयोग भी चर्चा में रहे। किसी ने लहंगे में रोशनी लगाई, तो किसी की पगड़ी चमकती लाइटों से सजी नजर आई। रंगीन रोशनी से जगमगाते परिधानों ने गरबा ग्राउंड की रौनक बढ़ा दी। वहीं, कुछ प्रतिभागी एक जैसी पोशाक में जोड़ियों के रूप में पहुंचे। कालबेलिया शैली के लहंगों से लेकर अलग-अलग पारंपरिक परिधानों तक, प्रतिभागियों ने अपने अंदाज से लोगों का ध्यान खींचा।



आखिरी दो दिनों को लेकर उत्साह

नवरात्रि के अंतिम दो दिनों को लेकर गरबा प्रेमियों में खास उत्साह है। इन दिनों गरबा स्थलों पर और अधिक रौनक रहने की उम्मीद है। पारंपरिक संगीत, आकर्षक वेशभूषा और सामूहिक नृत्य के बीच राजधानी में नवरात्रि का उत्सव पूरे उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।



डांडिया की खनक पर देर रात तक झूमे लोग

शाम ढलते ही गरबा स्थलों पर लोगों की आवाजाही बढ़ने लगी। गुजराती गीतों की धुन पर प्रतिभागियों ने पारंपरिक स्टेप्स के साथ शानदार प्रस्तुतियां दीं। ललित महल के गरबा महोत्सव में रंग-बिरंगे परिधानों में सजे प्रतिभागियों की कदम-ताल आकर्षण का केंद्र रही। संगीत की लय पर घूमते कदमों और तालियों की गूंज ने माहौल को उत्सवमय बना दिया। दर्शकों ने भी तालियां बजाकर प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया।









श्रीकृष्ण-राधा के रंग में दिखे प्रतिभागी

ललित महल में गरबा महोत्सव में कुछ प्रतिभागी भगवान कृष्ण की वेशभूषा में नजर आए। किसी ने सिर पर मोर-मुकुट सजाया, तो किसी के परिधान में मोरपंख, दुबई के पारंपरिक परिधान में दिखाई दिए। कृष्ण रूप से मेल खाता मेकअप और आकर्षक वेशभूषा लोगों के लिए खास आकर्षण रहे। पारंपरिक परिधानों में गरबा करते प्रतिभागियों ने उत्सव में भक्ति और संस्कृति का अनूठा रंग घोला।





मारुति मंगल भवन में गरबा की धूम



गुढ़ियारी स्थित मारुति मंगल भवन में गरबा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यहां रायपुर शहर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचकर गरबा के रंग में रंग रहे हैं। पारंपरिक गरबा नृत्य और शुद्ध पारिवारिक माहौल इस आयोजन को खास बना रहा है। रात 9 बजे से शुरू होने वाला गरबा उत्सव देर रात तक चलता है। पारंपरिक धुनों पर कदम मिलाते हुए लोग उत्साह और उमंग के साथ गरबा का आनंद ले रहे हैं। परिवार के साथ पहुंच रहे लोग भी इस आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। गरबा के रंग में रंगे प्रतिभागियों की ऊर्जा और उत्साह से पूरा परिसर जीवंत नजर आ रहा है। मारुति मंगल भवन में आयोजित यह उत्सव शहरवासियों को पारंपरिक संस्कृति से जुड़ने और परिवार के साथ आनंद के पल बिताने का अवसर दे रहा है।

वाणी वाचन केंद्र में दिव्यांग बच्चों ने माताओं के साथ किया गरबा



छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद द्वारा सप्रे स्कूल परिसर, कालीबाड़ी में संचालित वाणी वाचन केंद्र में नवरात्रि पर्व के अवसर पर दिव्यांग बच्चों और उनकी माताओं के लिए गरबा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शनिवार दोपहर 12 बजे आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार की दिव्यांगता वाले बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया। इस अवसर पर कन्या पूजन और कन्या भोज का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान दिव्यांग बच्चों ने गरबा नृत्य के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चों को आयोजन के लिए विशेष प्रशिक्षण भी दिया गया था। गरबा के दौरान बच्चों और उनकी माताओं ने उत्सव में भागीदारी की और धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं के साथ नवरात्रि की खुशियां साझा कीं। कन्या पूजन और कन्या भोज के माध्यम से नवरात्रि की परंपरा का निर्वहन किया गया।

सामाजिक गतिविधियों से जोड़ना भी जरूरी है

परिषद के महासचिव चंद्रेश शाह ने बताया कि दिव्यांग बच्चों को शिक्षा, थेरेपी और पुनर्वास के साथ-साथ सांस्कृतिक एवं सामाजिक गतिविधियों से जोड़ना भी जरूरी है। ऐसे आयोजन बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने, आत्मविश्वास बढ़ाने और सामूहिक गतिविधियों में भाग लेने का अवसर देते हैं। परिषद का प्रयास है कि दिव्यांग बच्चों को ऐसा वातावरण मिले, जहां वे अपनी क्षमताओं को पहचान सकें और आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित हों। कार्यक्रम में परिषद के महासचिव चंद्रेश शाह, उपाध्यक्ष डॉ. अशोक त्रिपाठी, डॉ. कमल वर्मा, सहसचिव प्रकाश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष इंदिरा जैन, संजीव हुड्डार सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

डागा कन्या महाविद्यालय में गरबा उत्सव



श्रीमती प्रमिला गोकुलदास डागा कन्या महाविद्यालय, कचहरी, रायपुर के प्रांगण में गरबा उत्सव का भव्य एवं उल्लासपूर्ण आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की तथा पारंपरिक गरबा नृत्य का आनंद लिया। यह गरबा उत्सव छात्राओं में भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं के प्रति सम्मान, सामूहिक सहभागिता, आत्मविश्वास और सामाजिक संवेदनशीलता को बढ़ावा देने वाला रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अजय प्रकाशन की को-डायरेक्टर पूजा दानी उपस्थित रहीं। गरबा उत्सव के दौरान महाविद्यालय परिसर में उत्साह, उमंग एवं उल्लास का वातावरण रहा। छात्राओं ने पारंपरिक गरबा नृत्य में बढ़-चढ़कर भाग लिया। महाविद्यालय के समस्त स्टाफ ने भी छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कार्यक्रम का आनंद लिया।

खबर संक्षेप

गरबा सनातन संस्कृति की पहचान : शुक्ला

कूंरा। श्री मुक्तेश्वर रास गरबा 6.0' का चरौदा, धरसींवा में 15 से 17 अक्टूबर तक तीन दिवसीय भव्य आयोजन श्री अष्टविनायक सेवा संस्थान, धरसींवा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड के उपाध्यक्ष अंजय शुक्ला मुख्य अतिथि के रूप में आयोजन में शामिल हुए। इस अवसर पर श्री शुक्ला ने कहा कि गरबा केवल नृत्य नहीं, बल्कि हमारी सनातन संस्कृति और शक्ति उपासना का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन युवा पीढ़ी को अपनी जड़ों और सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ने का काम करते हैं। कार्यक्रम में सरपंच श्रीमति संगीता ध्रुव, वरिष्ठ भाजपा नेता श्री कौशल साहू, श्रीमति किरण साहू जी महिला मोर्चा अध्यक्ष, मनमोहन ध्रुव जनपद सदस्य, श्रीमती पूजा अश्वनी वर्मा, नवीन वर्मा युवा मोर्चा महामंत्री, विकास वर्मा युवा मोर्चा महामंत्री, कृष्णा साहू तरुण वर्मा, सूरज निर्मलकर, करण साहू दीपक वर्मा मनीष वर्मा पवन साहू, रोशन निर्मलकर खिलेश वर्मा की गरिमामई में उपस्थिति रही ।

ग्राम कुसमुंद में लोक संध्या जगरता आज

आरंग। ग्राम कुसमुंद में नवयुवक दुर्गा उत्सव समिति द्वारा बरगुड़ी चौक में नवरात्रि के पावन पर्व पर 18 अक्टूबर को रात्रि 9 बजे लोक संध्या जगराता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की लोक गायिका सुनीता साहू एवं दिमान सेन की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया होंगे। यह आयोजन नवयुवक दुर्गोत्सव समिति के युवाओं के सहयोग से किया जा रहा है।

राशन कार्डों में जाति प्रमाण पत्र की अनिवार्यता खत्म करें

सिलयारी। क्षेत्र में लगातार राशन कार्ड काटे जाने तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को अनावश्यक जटिल प्रक्रियाओं से गुजरने की शिकायतों को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी धरसीवा के अध्यक्ष आशीष वर्मा ने संबंधित विभागों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने शासन-प्रशासन से इन समस्याओं का शीघ्र निराकरण करने की मांग की है।आशीष वर्मा ने कहा कि क्षेत्र में बड़ी संख्या में राशन कार्ड काटे जाने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं, जिससे गरीब एवं जरूरतमंद हितग्राहियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। राशन कार्ड से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं सचिव बार-बार संबंधित विभागों के चक्कर काट रहे हैं, इसके बावजूद समस्याओं का उचित निराकरण नहीं हो पा रहा है। उन्होंने मांग की कि राशन कार्ड बनाने एवं संबंधित प्रक्रियाओं में जाति प्रमाण पत्र की अनिवार्यता समाप्त करने के संबंध में उचित निर्णय लिया जाए, ताकि पात्र हितग्राहियों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। साथ ही, राशन कार्डों की जांच पारदर्शी तरीके से की जाए तथा पात्र हितग्राहियों के राशन कार्ड निरस्त होने की शिकायतों की गंभीरता से जांच कर उनका शीघ्र निराकरण किया जाए। आशीष वर्मा ने शासन-प्रशासन से मांग की कि राशन कार्ड एवं प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित प्रक्रियाओं को सरल बनाया जाए, पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराया जाए तथा ग्राम पंचायत स्तर पर आ रही समस्याओं के निराकरण के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए जाएं।

शराबों की ओवररेटिंग पर कार्रवाई की मांग

आरंग। नगर की सरकारी देशी और विदेशी शराब दुकानों में निर्धारित दर से अधिक कीमत पर शराब बेचने की शिकायतें सामने आ रही हैं। शनिवार को ग्राहकों ने आरोप लगाया कि दोनों दुकानों में कुछ सेल्समेन कथित तौर पर मुंह पर गमछा बांधकर शराब बेच रहे थे और प्रति पाव 10 से 20 रुपये तक अधिक वसूले जा रहे थे। अधिक पैसे देने से इनकार करने पर ग्राहकों और सेल्समेन के बीच विवाद की स्थिति भी निर्मित होने की बात कही जा रही है। ग्राहकों का आरोप है कि शराब दुकानों में ओवररेटिंग की शिकायतें कोई नई बात नहीं हैं। निर्धारित मूल्य से अधिक राशि मांगे जाने पर विरोध करने वाले ग्राहकों के साथ कथित तौर पर अभद्र व्यवहार भी किया जाता है। सरकारी शराब दुकानों में निर्धारित मूल्य पर शराब की बिक्री सुनिश्चित करना आबकारी विभाग और संबंधित संचालन व्यवस्था की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। इसकी जांच कर जिम्मेदार कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जानी चाहिए। अब देखना होगा कि विभाग इन शिकायतों को गंभीरता से लेकर जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई करता है या सरकारी शराब दुकानों में कथित ओवररेटिंग का यह सिलसिला जारी रहता है।

पौराणिक कथा पर केंद्रित दुर्गा झांकी बनी सर्वाधिक आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

छत्तीसगढ़ की प्राचीन नगरी आरंग का इतिहास दानवीर राजा मोरध्वज के त्याग और बलिदान से जुड़ा है। मान्यता है कि "आरा + अंग" से ही इस नगर का नाम आरंग पड़ा। इसी पौराणिक कथा की भव्य झांकी नगर के हृदय स्थल बस स्टैंड में स्थापित है, जो आज भी लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।

■ नगर के हृदय स्थल बस स्टैंड पर आयोजित दुर्गोत्सव में श्रद्धालुओं का तांता



कथा के अनुसार, आरंग में राजा मोरध्वज राज्य करते थे, जो अपनी दानशीलता और वचनबद्धता के लिए विख्यात थे। उनके दान की परीक्षा लेने के लिए भगवान श्रीकृष्ण और अर्जुन ब्राह्मण के वेश में एक शेर के साथ आरंग आए।

ब्राह्मण ने राजा से कहा कि उनका शेर कई दिनों से भूखा है और वह केवल राजा के इकलौते पुत्र ताम्रध्वज के शरीर का मांस ही खाएगा, वह भी राजा-रानी द्वारा स्वयं अपने हाथों से आरे से चीरकर देने पर। वचनबद्ध राजा मोरध्वज और रानी पद्मावती इस कठिन परीक्षा में भी विचलित नहीं हुए और पुत्र ताम्रध्वज को आरे से चीरने लगे। उसी समय ताम्रध्वज की एक आंख से आंसू निकल पड़े। यह देख ब्राह्मण वेशधारी श्रीकृष्ण ने कहा कि रोकर दिया गया मांस उनके शेर को स्वीकार नहीं है। तब ताम्रध्वज ने विनम्रता से कहा, "हे ब्राह्मण देवता, मैं पीड़ा से नहीं रो रहा। मैं तो इसलिए रो रहा हूं कि मेरे शरीर का केवल आधा हिस्सा ही सेवा में लग रहा है, पूरा शरीर नहीं लग पा रहा।" बालक के इस अलौकिक त्याग भाव को देखकर भगवान श्रीकृष्ण और अर्जुन अपने वास्तविक स्वरूप में प्रकट हुए। उन्होंने ताम्रध्वज को पुनः जीवित कर राजा-रानी को आशीर्वाद दिया। आरे से अंग चीरने की इसी घटना के कारण इस स्थान का नाम आरंग पड़ा। इसी गौरवशाली गाथा को चिरस्थायी बनाए रखने के लिए नगरवासियों ने बस स्टैंड में राजा मोरध्वज के परिवार की भव्य झांकी स्थापित की है।

पुलिस ने तत्काल साइबर सेल से तकनीकी सहायता प्राप्त कर रास्तों पर नाकेबंदी की

बच्चे के अपहर्ताओं ने मांगी थी 15 लाख फिरौती, पुलिस ने गिधपुरी में दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

आरंग थाना क्षेत्र में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां महज 6 घंटे के भीतर पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए 8 वर्षीय बालक के अपहरण की गुत्थी सुलझा ली है। अपहरणकर्ताओं ने मासूम की रिहाई के एवज में 15 लाख रुपये की फिरौती मांगी थी, लेकिन पुलिस के बढ़ते दबाव और ताबड़तोड़ कार्रवाई के चलते आरोपी बच्चे को पेट्रोल पंप के पास छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो मुख्य आरोपियों सहित एक विधि से संघर्षरत बालक को हिरासत में ले लिया है और बच्चे को सकुशल उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

■ आरोपियों में एक अपचारी बालक भी शामिल

विदित हो कि 16 अक्टूबर 2026 को आरंग थाना अंतर्गत एक गंभीर मामला सामने आया। इंदिरा चौक स्थित मेडप्लस मेडिकल स्टोर पर काम करने वाले दंपति का 8 वर्षीय बेटा सुबह करीब 9 बजे दुकान से खेलने और साइकिल चलाने की बात कहकर निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा।



काफी तलाश के बाद भी जब बच्चे का कुछ पता नहीं चला, तो परिजनों ने शाम करीब 4:00 बजे थाने पहुंचकर सूचना दी। रिपोर्ट दर्ज होते ही पुलिस हरकत में आ गई। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में टीम गठित कर संभावित रास्तों पर चेकिंग शुरू की गई। इसी बीच अपहर्ताओं ने फोन कर बच्चे को छोड़ने की एवज में 15 लाख रुपये की फिरौती की मांग की। पुलिस ने तत्काल रेंज साइबर सेल से तकनीकी सहायता प्राप्त करते हुए संदिग्ध रास्तों पर नाकेबंदी कर दी और पड़ोसी जिलों को भी इसकी सूचना दी।

अपहृत नाबालिग समोदा से बरामद

चप्पे-चप्पे पर पुलिस की सख्त घेराबंदी और नाकेबंदी देखकर आरोपी घबरा गए और अपहृत नाबालिग को ग्राम समोदा स्थित पेट्रोल पंप के पास छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने बच्चे को सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंप दिया। रेंज साइबर सेल से प्राप्त तकनीकी इनपुट्स के आधार पर पुलिस ने बलौदाबाजार जिले के गिधपुरी थाना क्षेत्र के ग्राम दतरेंगी में दबिश दी। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दो मुख्य आरोपियों और एक विधि से संघर्षरत बालक को हिरासत में ले लिया।

पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपहरण कर फिरौती मांगने की बात स्वीकार कर ली है। गिरफ्तार आरोपियों में हेमंत उर्फ छोटू निषाद (उम्र 25 वर्ष), मिथलेश ध्रुव उर्फ भुरू (उम्र 20 वर्ष), दोनों निवासी दतरेंगी, थाना गिधपुरी, जिला बलौदाबाजार व 01 विधि से संघर्षरत बालक है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल और मोबाइल फोन जप्त कर लिए हैं। आरोपियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेजा जा रहा है। पुलिस द्वारा खंगाले गए रिकॉर्ड के अनुसार आरोपियों का पूर्व में कोई आपराधिक इतिहास नहीं पाया गया है। रायपुर ग्रामीण पुलिस की इस त्वरित और साहसिक कार्रवाई से क्षेत्र में राहत का माहौल है।

मौहागांव में गुरु गद्दी पूजा एवं सतनाम ग्रंथ कथा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलयारी

समीपस्थ ग्राम मौहागांव में समस्त सतनामी समाज एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 11 अक्टूबर से 19 अक्टूबर तक सतनाम ग्रंथ एवं गुरु गद्दी पूजा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। धार्मिक एवं आध्यात्मिक वातावरण में आयोजित इस कार्यक्रम में सतनाम पंथ की परंपराओं, संत गुरु घासीदास बाबा के जीवन चरित्र, सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक मूल्यों और संविधान की भावना पर आधारित प्रेरणादायक प्रसंगों का वर्णन किया जा रहा है।

■ मनखे-मनखे एक समान का दिया संदेश

माता सहोद्रा और अमरदास बाबा के अवतरण का किया वर्णन

कार्यक्रम के छठवें दिवस सतनाम ग्रंथ के कथावाचक संत जीवराखन दास धृतहरे एवं उनके संगीत साथियों द्वारा नवागांव, जिला धमतरी से पहुंचकर कथा-प्रवचन प्रस्तुत किया गया। इस दौरान माता सफुरा और गुरु घासीदास बाबा से संबंधित धार्मिक प्रसंगों के साथ माता सहोद्रा एवं अमरदास बाबा के अवतरण की कथा का भावपूर्ण वर्णन किया गया। कथावाचक ने सतनाम पंथ की आध्यात्मिक परंपरा और गुरु घासीदास बाबा के जीवन चरित्र के माध्यम से श्रद्धालुओं को सत्य, अहिंसा, समानता और मानवता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी।

अतिथियों का सफेद गमछा एवं श्रीफल से सम्मान

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नितिन गौरीशंकर अग्रवाल, जिला पंचायत सभापति सरोज चंद्रवंशी, जिला उपाध्यक्ष दिनेश खुटे, सूरज टंडन एवं चंद्रशेखर सहित अन्य अतिथियों की उपस्थिति रही। धार्मिक आयोजन में ग्राम के कार्यकर्ताओं एवं समाज के सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के माध्यम से समाज में एकता, आपसी सहयोग, सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और नई पीढ़ी को सतनाम पंथ की शिक्षाओं से जोड़ने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर ग्रामसभा अध्यक्ष अमरलाल गायकवाड़, बलकरण कोसले, संचितानंद कोसले, छबी धृतहरे, कुंदन बांधे, राजू गायकवाड़, बिहारी लाल भारती, चंदन बांधे, अंजोर दास नारंग, चैतराम सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं सतनामी समाज के लोग उपस्थित रहे।

जोरा-पिरदा मार्ग का कायाकल्प, क्षेत्रवासियों को मिली सुगम आवागमन की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कूंरा

धरसींवा विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों की वर्षों पुरानी और बहुप्रतीक्षित मांग आखिरकार पूरी हो गई है। लंबे समय से जर्जर हाल में रहे जोरा-पिरदा मार्ग के मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है। इस महत्वपूर्ण सड़क का जीर्णोद्धार स्थानीय विधायक अनुज शर्मा के निरंतर प्रयासों, दूरदर्शी सोच और जन-सरोकारों के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता का प्रतिफल है।

जोरा-पिरदा मार्ग क्षेत्र की प्रमुख जीवन रेखा माना जाता है। इसके जर्जर होने के कारण लंबे समय से स्थानीय नागरिकों, किसानों, विद्यार्थियों और राहगीरों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था, जिससे आए दिन दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता था। क्षेत्रवासियों ने इस गंभीर समस्या से विधायक अनुज शर्मा को अवगत कराया था।

जन-भावनाओं को सर्वोपरि रखते हुए विधायक अनुज शर्मा ने त्वरित कदम उठाए। उन्होंने बिना समय गंवाए संबंधित प्रशासनिक विभागों और लोक निर्माण विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से लगातार समन्वय स्थापित किया। इसके साथ ही उन्होंने न केवल आवश्यक बजट स्वीकृत कराया, बल्कि कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए स्वयं समय-समय पर इसकी मौके पर जाकर निगरानी भी की। उनके इन्हीं अथक प्रयासों का परिणाम है कि आज यह मार्ग पूरी तरह से सुगम, मजबूत और सुरक्षित रूप में बनकर तैयार हो चुका है।

हर जन-जन का है ख्याल हमें : अनुज शर्मा

सड़क के सफल जीर्णोद्धार एवं सुदृढ़ीकरण पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विधायक अनुज शर्मा ने कहा, धरसींवा का हर एक नागरिक मेरा परिवार है और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करना मेरी पहली प्राथमिकता है। जोरा-पिरदा मार्ग का जीर्णोद्धार सिर्फ एक सड़क का निर्माण नहीं, बल्कि क्षेत्र की खुशहाली, आर्थिक समृद्धि और सुरक्षा की ओर बढ़ाया गया एक मजबूत कदम है। विधायक ने आगे कहा, यह मार्ग लंबे समय से क्षेत्रवासियों के लिए एक बड़ी समस्या बना हुआ था, जिसके जीर्णोद्धार के लिए हमने सरकार और संबंधित विभागों के समक्ष लगातार पैरवी की। मुझे अत्यंत प्रसन्नता है कि आज यह मार्ग पूर्ण रूप से निर्मित होकर जनता को समर्पित हो चुका है। हमारी सरकार का एक ही संकल्प है, क्षेत्र के हर अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुँचाना।

क्षेत्रवासियों में हर्ष की लहर

सड़क का कार्य पूर्ण होने से जोरा, पिरदा और आसपास के दर्जनों गांवों के ग्रामीणों एवं व्यापारियों में अपार उत्साह और हर्ष का माहौल है। क्षेत्रवासियों ने विधायक अनुज शर्मा की जनहितैषी कार्यशैली, तत्परता और विकासपरक सोच की भूरि-भूरि प्रशंसा की है। स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों का कहना है कि इस मार्ग के सुदृढ़ीकरण से अब समय और ईंधन दोनों की बचत होगी।

कुसमुंद की मानस संगोष्ठी में मर्मज्ञों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

नगर पंचायत समोदा के अंतर्गत ग्राम कुसमुंद में जय बजरंग महिला मानस मंडली, सत्संग मानस मंडली एवं समस्त ग्रामवासियों के तत्वावधान में शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर राज्यस्तरीय रामायण व्याख्यान प्रशिक्षण संगोष्ठी का आयोजन बजरंग चौक में किया गया। सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं श्रद्धालु शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीराम दरबार के छायाचित्र के समक्ष विधिवत पूजा-अर्चना, मंत्रोच्चार, पुष्प अर्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि हरी सोनकर, वैशालिनी साहू, विक्रांत सोनकर, अमर निषाद, चेतन साहू, तोमन साहू, साहू समाज ग्रामीण अध्यक्ष खेलावन निषाद सहित अन्य गणमान्य नागरिकों एवं समस्त ग्रामवासियों की सहभागिता रही। जय बजरंग महिला मानस मंडली द्वारा मंगलाचरण के साथ देवी भजन, राम भजन एवं शंकर भजन की भावपूर्ण प्रस्तुति दी गई। रामचरितमानस के प्रसंगों पर ओंकार पटेल बकतरा, किशोर गोस्वामी उपरवारा, महेंद्र साहू गुरुजी डोंडेसरा कुरुद, डॉ. लोकेश साहू खम्हरिया धमतरी एवं कोमल साहू उपरवारा ने विभिन्न प्रसंगों का भावपूर्ण व्याख्यान किया।



भरत चरित्र व पार्वती जन्मकथा सुनाई

मानस मर्मज्ञों ने भरत चरित्र, पार्वती जन्मकथा, मंथरा-कैकेयी चरित्र एवं रामनाम की महिमा सहित रामायण के विविध प्रसंगों के माध्यम से ग्रामीणों एवं श्रद्धालुओं को सहज-सरल शब्दों में रामचरितमानस के अनेक दोहों एवं चौपाइयों की व्याख्या करते हुए कहा कि रामचरितमानस समाज का दर्पण है और मनुष्य को जीवन जीने की कला सिखाती है। रामचरितमानस के पठन एवं श्रवण से मनुष्य का अंतःकरण शुद्ध होता है। आयोजन में संयोजक एवं मार्गदर्शक राजा मोरध्वज शक्ति केंद्र के सीताराम यादव, देवशरण साहू, अशोक साहू, हीरालाल साहू, पुरानिक हिरवानी, लक्ष्मीनाथ साहू, टोकेश साहू, भुवन साहू, अवध विश्वकर्मा, मानस लोधी, लाला संतोष लोधी, रमेश सोनकर, गिरवर साहू, खुमान साहू, मनहरण साहू सहित मानस केंद्र आरंग के सदस्यों की अहम भूमिका रही।

दुर्गा विसर्जन व दशहरा के लिए हुई शांति समिति की बैठक

आरंग। दुर्गा विसर्जन और दशहरा पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से 17 अक्टूबर को आरंग थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। थाना प्रभारी नरेश साहू की उपस्थिति में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष दुर्गा विसर्जन और दशहरा पर्व 20 अक्टूबर, मंगलवार को मनाया जाएगा। इस दौरान रावण दहन का मुख्य कार्यक्रम हाईस्कूल स्थित रावण मैदान में आयोजित होगा। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं विभिन्न दुर्गा उत्सव समितियों के सदस्यों ने पर्व को आपसी भाईचारे, शांति और सौहार्द के साथ मनाने पर जोर दिया। साथ ही दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन जुलूस और शोभायात्रा को सुव्यवस्थित एवं सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए अपने सुझाव भी दिए। सभी सदस्यों ने परंपरा के अनुरूप शांतिपूर्वक त्योहार मनाने तथा व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने का संकल्प लिया। बैठक में पार्षद नरेंद्र लोधी, समीर गोरी, शरद गुप्ता, उमाकांत यादव, संतोष लोधी, खिलावन निषाद और पार्षद प्रतिनिधि राकेश शर्मा सहित विभिन्न दुर्गा उत्सव समितियों के सदस्य एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



प्राकृतिक संसाधनों की लूट बर्दाश्त नहीं : भू-माफियाओं पर भड़के विधायक अनुज शर्मा

अवैध मुरूम खनन पर एक्शन : विधायक की फटकार के बाद खनिज विभाग ने किया 2 जेसीबी व 5 हाइवा सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ धरसींवा

धरसींवा क्षेत्र में बेधड़क चल रहे अवैध मुरम के काले कारोबार पर जब हरिभूमि ने प्रमुखता से खबर प्रकाशित की, तो उसकी धमक सीधे शासन-प्रशासन तक पहुंची। अखबार में खबर छपते ही क्षेत्रीय विधायक अनुज शर्मा ने मामले पर कड़ा रुख अपनाया और खनिज विभाग को तत्काल मौके पर पहुंचकर सख्त से सख्त कार्रवाई करने के साफ निर्देश दे दिए। जनप्रतिनिधि की सख्ती और मीडिया के दबाव के बाद आखिरकार गहरी नींद में सोया खनिज अमला जाग उठा। शुक्रवार की अलसुबह माइनिंग इंस्पेक्टर प्रिया सिन्हा अपनी टीम के साथ शिकायत वाले मुख्य केंद्र ग्राम कुथरेल में अचानक जा पहुंचीं। तड़के हुई इस औचक छापेमारी से अवैध खनन में लगे भू-माफियाओं और चालकों के हाथ-पांव फूल गए।




मुरुम माफियाओं के हौसले बुलंद, नहीं थमे बुलडोजर, विभाग का अभियान

खबर का असर

विभागीय टीम ने बिना कोई मोहलत दिए मौके पर गर्जना कर रही भारी-भरकम मशीनों और वाहनों को अपने कब्जे में ले लिया।

दो दिनों की इस सघन कार्रवाई में विभाग ने कुल 2 जेसीबी (क्रमांक सीजी 04 पीके 8576, ओडी 17 जे 2310) और 5 विशाल दैत्याकार हाइवा (क्रमांक सीजी 04 क्यू एफ 5104, सीजी 10 ए जे 7958, सीजी 04 पी ऐक्स 9036, सीजी 04पीपी 9032, सीजी 04 एनएच 8506) को जब्त कर सील कर दिया।

धरती का सीना छलनी करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा : अनुज

मामले पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए क्षेत्रीय विधायक अनुज शर्मा ने खनन माफियाओं को खुले शब्दों में चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि धरसींवा की पावन धरा को अवैध कमाई का अड्डा बनाने की इजाजत किसी भी रसूखदार या माफिया को नहीं दी जाएगी। प्राकृतिक संसाधनों की लूट और जनहित से खिलवाड़ करने वाले तत्व चाहे जितने भी प्रभावशाली क्यों न हों, वे कानून के शिकंजे से बच नहीं पाएंगे। विधायक शर्मा ने स्पष्ट किया कि कुथरेल में हुई यह बड़ी कार्रवाई महज एक शुरुआत है।

जयकारों के बीच निकली चुनरी यात्रा सभी पंडालों में चढ़ाई माता की चुनरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ तरपोंगी

शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर तरपोंगी में जगदम्बा सेवा समिति द्वारा एक विशाल एवं भव्य चुनरी यात्रा धूमधाम से निकाली गई। सैकड़ों श्रद्धालुओं की मौजूदगी में निकली यह यात्रा पूरे क्षेत्र के सभी दुर्गा पंडालों से होकर गुजरी, जहां भक्तिभाव के साथ मां दुर्गा को चुनरी अर्पित कर क्षेत्र की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की गई। यात्रा का शुभारंभ शीतला मंदिर से विधिवत पूजा-अर्चना और ध्वज पूजन के साथ हुआ। इसके बाद बैंड-बाजों, ढोल-ताशों और माता के जयकारों के साथ चुनरी यात्रा नगर भ्रमण के लिए रवाना हुई। यात्रा में शामिल महिलाएं हाथों में माता की विशाल चुनरी थामे चल रही थीं, वहीं युवा भक्ति गीतों पर झूमते नजर आए। मार्ग में स्थित प्रत्येक दुर्गा पंडाल में समिति के पदाधिकारियों और ग्रामीणों ने यात्रा का स्वागत किया।

दुर्गोत्सव



अष्ट विनायक नवदुर्गा उत्सव समिति, गणपति विहार कालोनी, न्यू चंगोराभाठा



श्रीराम दुर्गोत्सव समिति, संतोषी नगर, भवानी चौक



नवयुवक जन जागृति दुर्गोत्सव परिवार, पुरेना महावीर नगर



नवदुर्गा उत्सव समिति, बड़ा भवानी नगर, कोटा



जय माँ दुर्गोत्सव समिति, पुराना बाजार चौक, सांकरा

● श्री बंगाली कालीबाड़ी समिति ने मंदिर प्रांगण में सजाया मंच, पूजा में शामिल हुए सीएम साय

बांग्ला संगीत की सजी महफिल, आर्केस्ट्रा ग्रुप में कलाकारों ने भक्ति गीतों से मचाई धूम

कोलकाता के परफेक्ट फाइव आर्केस्ट्रा ग्रुप और शुभम शिक्षक कला संस्थान के कलाकारों ने पुराने और नए बांग्ला एवं हिंदी गीतों की श्रृंखला सजाई। रंगीन लाइटों से सजे मंच पर मां तेरे नाम जगराता लोकमंजरी बेस्ड प्रोग्राम का आनंद लेने के लिए समाज की सहभागिता ने उत्सव में उत्साह और उल्लास का वातावरण निर्मित किया। मंच पर कलाकारों द्वारा दी गई प्रस्तुति दुर्गा पूजा पंडाल में शनिवार की रात आकर्षण का केन्द्र रहा।





रायपुर। श्री बंगाली कालीबाड़ी समिति कालीबाड़ी चौक स्थित मंदिर प्रांगण में समिति के अध्यक्ष तन्मय चटर्जी के मार्गदर्शन में सप्तमी की रात में सजाए गए मंच पर माता की आस्था में गीतों की श्रृंखला सजाने में कलाकारों ने भी कोई कसर नहीं छोड़ी। इस बीच कला संस्थान के प्रतिभागियों ने भी गीत-संगीत और नृत्यों से लोगों को भक्तिमय माहौल देने का प्रयास किया। समाज के बीच पूजा उत्सव में शामिल होने के लिए सीएम विष्णु देव साय और उत्तर क्षेत्र के विधायक पुरंदर मिश्रा भी पहुंचे। समाज के बीच सीएम साय ने कहा कि दुर्गा पूजा की परंपरा निभाते हुए समाज द्वारा इस बार भी उत्सव का रूप दिया जा रहा है। उन्होंने लोगों के साथ फोटो खिचवाते हुए अनुष्ठान में परफेक्ट फाइव आर्केस्ट्रा के निर्देशक मोहन मजूमदार द्वारा बनाए गए कार्यक्रम का लुत्फ उठाया। भक्ति गीतों ने सभी को भक्तिमय माहौल देने का प्रयास किया।



कुर्सी दौड़, पासिंग बॉल जैसी प्रतियोगिताएं रहीं आकर्षण

त्रिलोकि मां कालीबाड़ी समिति राजेन्द्र नगर के सचिव विवेक बर्धन की पहल पर बच्चों के लिए



शंख बजाने, माचिस तिली से मोमबत्ती जलाने सहित कुर्सी दौड़ व पासिंग बाल गेम का आयोजन किया गया। इसमें प्रतिभागी के रूप में समाज के बच्चों ने भाग लिया। जीतने के लिए सभी ने माता के दरबार में प्रयास किया। इनका उत्साह वर्धन करने के लिए दक्षिण क्षेत्र के विधायक सुनील सोनी भी समाज के आयोजन में शामिल होने के लिए पहुंचे। जहां समिति के सचिव श्री बर्धन सहित सभी पदाधिकारियों ने परंपरागत रूप से स्वागत किया।

गायत्री शक्तिपीठ में शारदीय नवरात्रि पर होगा आयोजन

समता कालोनी स्थित गायत्री शक्तिपीठ में शारदीय नवरात्रि की अष्टमी एवं नवमी तिथि पर यज्ञ, कन्या भोज, विभिन्न



संस्कार और महापूर्णाहुति का अनुष्ठान होगा। मुख्य प्रबंध ट्रस्टी श्याम बैस ने बताया कि यह अवधि आध्यात्मिक ऊर्जा संचित करने तथा समाज में सद्भावना, नारी शक्ति के सम्मान का दिव्य अवसर है। रविवार को सुबह 10 बजे से कन्या भोज और दोपहर 12 बजे से हवन होगा। सोमवार को श्री दुर्गा नवमी पर सुबह 10 बजे से हवन एवं विभिन्न संस्कार किए जाएंगे। दोपहर 1:30 बजे महापूर्णाहुति व अमृतासन प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

मां शीतला मंदिर में 187 मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित



गोंदवारा स्थित मां शीतला माता मंदिर में नवरात्रि पर्व पर श्रद्धा एवं भक्ति के साथ धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं। 187 मनोकामना ज्योत प्रज्ज्वलित की गईं है। इससे मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर है। नवरात्रि के अवसर पर श्रद्धालु माता रानी का दर्शन करने और सुख-समृद्धि की कामना करने पहुंच रहे हैं। मंदिर में कलश स्थापना के साथ शुरू हुए इस धार्मिक उत्सव के अंतर्गत माता का श्रृंगार एवं महाआरती की गई। अष्टमी पर हवन-पूजन, कन्या भोज, महाभंडारा और नवमी पर ज्योति विसर्जन किया जाएगा।

450 थालियों में सजाएंगे 2255 दीप मां अम्बा की भक्त करेंगे महाआरती

रायपुर। शहर में सत्ती बाजार स्थित मां अम्बा देवी मंदिर का निर्माण 1920 में शाकद्वीपीय ब्राह्मण समाज ट्रस्ट के नेतृत्व में किया गया था। इसके बाद से लोगों की आस्था मंदिर के प्रति बढ़नी शुरू हुई। यह इकलौता मंदिर है, जहां 27वें वर्ष भी परंपरागत रूप से सप्तमी तिथि पर भक्तों द्वारा महाआरती की जाएगी। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष जितेन्द्र शर्मा ने बताया कि मंदिर निर्माण 106 साल पुराना इतिहास है। मां अम्बा देवी के दरबार में चैत्र और शारदीय नवरात्रि में भक्तों द्वारा महाआरती की जाती है। इसकी शुरुआत 27 वर्ष पहले 51 थालियों में पांच-पांच दीपों को सजाकर की गई थी। प्रतिवर्ष इसमें की गई वृद्धि के चलते इस नवरात्रि में 450 थालियों में 2255 दीए सजाकर भक्त रविवार की शाम साढ़े सात बजे महाआरती करेंगे। इस आयोजन के लिए शनिवार की शाम को तैयारी को अंतिम रूप दिया गया है। ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री शर्मा ने बताया कि कई भक्त परिवार अपने घरों से भी आरती की थाली सजाकर महाआरती में शामिल होने के लिए आते हैं। पहले आएं पहले पाएं की तर्ज पर भक्तों को आरती की थाली उपलब्ध करवाई जाती है। इसके चलते भक्त परिवार शाम पांच बजे से ही मंदिर परिसर में आने लगते हैं। महाआरती से पहले मां अम्बा देवी की प्रतिमा के सामने पीतल की गुंडी में ज्योत प्रज्ज्वलित की जाती है। इसके साथ ही माता के दरबार में 101 दीपों की आकर्षक श्रृंखला सजाने के बाद विधि-विधान से पूजा करने के बाद दिव्य महाआरती का आयोजन भक्तों की विशाल मौजूदगी में की जाती है।



आज महाआरती के बाद होगी भजन संध्या

महाआरती के बाद भक्तों को प्रसाद स्वरूप श्रृंगार सामग्री भेंट देने की परंपरा प्रति नवरात्रि में निभाई जाती है। इसके बाद भक्तों के बीच भजन संध्या का आयोजन किया जाता है। इसके लिए कोषाध्यक्ष मयूर शर्मा और सचिव श्रवण शर्मा के मार्गदर्शन में तैयारियों का क्रम शनिवार को पूरा किया गया। इनके मार्गदर्शन में 19 को सुबह 10 बजे से हवन शुरू होगा और 20 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे नौ कन्याओं का पूजन करते हुए प्रसाद वितरण होगा। उन्होंने बताया कि यह वर्षों पुरानी परंपरा इस शारदीय नवरात्रि में भी यथावत निभाई जाएगी।

नवपद ओली के आज प्रथम दिन 300 श्रद्धालु करेंगे सामूहिक आयंबिल तप

रायपुर। नवकार नगर स्थित श्री मुनि सुव्रत स्वामी जिनालय एवं मणिधारी दादाबाड़ी में 18 से 26 अक्टूबर तक नवपदजी ओली तप आराधना का आयोजन किया जाएगा। आराधना के प्रथम दिन 300 श्रद्धालु सामूहिक रूप से आयंबिल तप करेंगे। यह आयोजन परम पूज्य खरतरगच्छाचार्य श्री जिन पीयूषसागर सूरीश्वरजी म.सा. के सुशिष्य परम पूज्य मुनि श्री सत्त्वरत्न सागरजी म.सा. आदि ठाणा की पावन निश्रा में होगा। नवपद ओली जैन धर्म की महत्वपूर्ण आराधना है। इसमें नौ दिनों तक सिद्धचक्र के नौ पदों की क्रमशः साधना और स्मरण किया जाता है। इन नौ पदों में अरिहंत, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय और साधु—पंच परमेष्ठी के पांच पद शामिल हैं। इसके बाद सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान, सम्यक्चारित्र और सम्यक्तप की आराधना की जाती है।



प्रत्येक पद आत्मकल्याण, संयम और आध्यात्मिक उन्नति का संदेश देता है। आयंबिल तप में स्वाद और रसना पर संयम रखते हुए निर्धारित नियमों के अनुसार सादा भोजन ग्रहण किया जाता है। इसमें तेल, घी, दूध, दही, मिठास और मसालों सहित स्वाद बढ़ाने वाली सामग्री का त्याग किया जाता है। भोजन और पानी ग्रहण करने के नियमों का पालन परंपरा के अनुसार किया जाता है। इस तप का उद्देश्य आत्मसंयम, आत्मशुद्धि और आध्यात्मिक साधना को मजबूत करना है। नवपद ओली के पहले दिन अरिहंत पद, दूसरे दिन सिद्ध पद, तीसरे दिन आचार्य पद, चौथे दिन उपाध्याय पद और पांचवें दिन साधु पद की आराधना की जाती है। छठे दिन सम्यग्दर्शन, सातवें दिन सम्यग्ज्ञान, आठवें दिन सम्यक्चारित्र और नौवें दिन सम्यक्तप का स्मरण किया जाता है।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सजेगा बोरियाखुर्द का दशहरा उत्सव

रायपुर। बोरियाखुर्द स्थित खेल मैदान में दशहरा सांस्कृतिक महोत्सव समिति एवं लोगों के संयुक्त सहयोग से 5वे वर्ष भी भव्य दशहरा सांस्कृतिक महोत्सव एवं रावण दहन का आयोजन होगा। इसमें धार्मिक, सांस्कृतिक एवं मनोरंजक गतिविधियों के साथ ही 45 फीट का रावण एवं 30 फीट का कुंभकर्ण और मेघनाथ का



पुतला का आकर्षण का केन्द्र होगा। पुतले का निर्माण कलाकार राजेश विश्वकर्मा और नेतराम धीवर द्वारा किया जा रहा है, जो अंतिम चरण में है। आयोजन को लेकर क्षेत्रवासियों में उत्साह का माहौल है। दशहरा सांस्कृतिक महोत्सव समिति के अध्यक्ष गजेंद्र तिवारी ने बताया कि दशहरा भारतीय सनातन संस्कृति का प्रमुख पर्व है, जो असत्य पर सत्य, अधर्म पर धर्म तथा बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश देता है। इस वर्ष भी महोत्सव को भव्य और यादगार बनाने की तैयारी की गई है।

कलाकारों द्वारा भव्य रामलीला का मंचन होगा

आयोजन में सुबह 10 बजे बच्चों एवं युवाओं के लिए पतंग उत्सव आयोजित किया जाएगा। शाम 4 बजे से बच्चों एवं युवाओं द्वारा नृत्य और योग प्रदर्शन प्रस्तुत किए जाएंगे। शाम 5 बजे भगवान श्रीराम एवं माता सीता की आरती-पूजन और दीप प्रज्ज्वलन भी किया जाएगा। शाम 5:30 बजे स्थानीय कलाकारों द्वारा भव्य रामलीला का मंचन होगा। इसके बाद विशाल रावण, कुंभकरण एवं मेघनाथ के पुतलों का दहन किया जाएगा। शाम 7 बजे आकर्षक आतिशबाजी का आयोजन होगा, वहीं रात 8 बजे उज्जैन के प्रसिद्ध भजन गायक सन्नी अलबेला एवं उनकी टीम द्वारा भजन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। समिति की ओर से लच्छूराम निषाद, वार्ड पार्षद सुषमा साहू के अलावा ऋषि साहू, गोपाल साहू, रमेश नंदे, रुद्रकुमार साहू मार्गदर्शन करेंगे।

आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारे मुवक्किल ने विक्रेता 1, नरेन्द्र कुमार मानिक, पिता श्री जेवेरी लाल मानिक, 2. ललित कुमार मानिक, पिता श्री जेवेरी लाल मानिक 3. पराग मानिक पिता स्व. श्री गिरधर लाल मानिक 4. आशीष मानिक पिता स्व. श्री शांतिलाल मानिक व अन्य से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य निर्मित मकान व दुकान जिसका निगम प्रापर्टी यू.आई.डी. नंबर RPR757B00675 आबादी खसरा नंबर 182 का भाग रकबा 4811 वर्गफुट मौजा ग्राम रायपुर खास, प.ह.न. 00062. रा.नि.म. व तहसील 12 तहसील व जिला रायपुर छ.ग. स्थित है। उक्त संपत्ति क्रय करने का पक्का सौदा कर बयाना राशि अदा कर दिया गया है तथा बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है।


अतः उपरोक्त वर्णित संपत्ति के संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैंक फर्म, ट्रस्ट इत्यादि को उक्त क्रय विक्रय के संबंध में उक्त भूमि पर कोई दावा आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिनों के भीतर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि पश्चात किये गये दावा आपत्ति शून्य एवं अवैध माना माना जावेगा। जो कि मेरे पक्षकार पर बंधनकार नहीं होगा।

सो सूचना जाने।

रायपुर छ.ग.
दिनांकः 16.10.2026

भवदीय
एस. एस. चंदेल, सुखसेन सिंह चन्देल
(अधिवक्ता)
पता- संगम आटा चक्की गली, कृष्णानगर, संतोषीनगर रायपुर (छ.ग.)
मो. 94255-19873





एक माह में 3 हजार से ज्यादा ने की चूक, 2 लाख 90 हजार रुपए से अधिक का ई-जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर नगर निगम के दस जोन में 100 से ज्यादा अलग-अलग स्थानों पर लोगों ने सड़क अवरोध कर निर्माण सामग्री बिखेरी, जिससे लोगों को आने-जाने में परेशानी हो रही है। नगर निगम ने जोनवार सड़क पर रेत, गिट्टी और ईंट डंप करने वालों को ई चालान भेजकर पेनाल्टी वसूली है। इसी तरह गीला और सूखा कचरा अलग-अलग कर नहीं देने, कचरा प्रबंधन में लापरवाही बरतने वालों पर भी ई चालान भेजकर पेनाल्टी लगाई गई।

7 सितंबर से 6 अक्टूबर तक करीब 3,132 लोगों को नगर निगम ने 16 अलग-अलग श्रेणी के सेवाओं में चूक करने पर 2 लाख 90 हजार से अधिक राशि काई-चालान वसूला। इनमें से सबसे ज्यादा 100 से अधिकई-चालान सड़क अवरोध के हैं। इसी तरह गीला और सूखा कचरा अलग-अलग नहीं करने वाले, निर्माण के दौरान स्थल पर ग्रीन नेट नहीं लगाने वालों को ई चालान भेजा गया।

दरअसल, नगर निगम की 16 श्रेणियों में चूक करना लोगों को अब महंगा पड़ने लगा है। निगम के स्वास्थ्य से जुड़ी 13 और नगर निवेश से जुड़ी 3 श्रेणी की सेवा को इसमें शामिल करते हुए ई-चालान को डिजिटल डोर नंबर प्लेट से कनेक्ट कर ई-चालान भेजा जा रहा है। पिछले एक माह में 3 हजार से अधिक लोगों को अलग-अलग श्रेणी की सेवाओं में लापरवाही बरतने पर संबंधित उपभोक्ता से 2 लाख 90 हजार से अधिक की राशि ई-चालान से वसूल की गई। इनमें सबसे ज्यादा ई-चालान सड़क अवरोध के हैं, इनकी संख्या 100 से अधिक दर्ज की गई, जबकि गीला और सूखा कचरा की छंटाई नहीं करने पर 101 लोगों को ई-चालान भेजकर जुर्माना किया गया। यही नहीं, अतिक्रमण करने पर और घर, दुकानों का कचरा नाली और सार्वजनिक स्थानों पर डालने वालों को ई-चालान भेजा गया।

नगर निवेश और स्वास्थ्य से जुड़े 16 श्रेणी की सेवाओं को नजरअंदाज करने पर ई-जुर्माना

कचरा फैलाने वाले पर निगम की नजर

नगर निगम के एप में बनाए गए ई पोर्टल पर आईडी पासवर्ड डालकर सीएंडडी वेस्ट या फिर नाले में फेंके गए कचरे की फोटो खींचकर अपलोड होते ही जुर्माने की रकम स्वचालित रूप से तय होकर आ रही है। इस रकम में किसी प्रकार की घट-बढ़ नहीं हो पाती। नगर निवेश से संबंधित सड़क पर भवन निर्माण सामग्री बिखेरना, खुले में मलबा छोड़ना, भवन निर्माण के दौरान ग्रीन नेट न लगाया जाना और संपत्ति विरूपण की स्थिति पर ई-चालान किया जा रहा है। यही नहीं खुले में कचरा फैलाने वाले पर नगर निगम की नजर है। इसमें पहले अलग-अलग जुर्माना लगाया जा रहा था। इसमें एकरूपता लाने के लिए ई-चालान पैटर्न विकसित किया गया है। यानी जुर्माने के लिए मेनुवल रसीद बंद कर ई-चालान का सिस्टम शुरू किया गया है।



पॉयलट प्रोजेक्ट के रूप में ई-चालान

नगर निगम के प्रापर्टी टैक्स में अभी पेयजल शुल्क के अलावा डोर-टू डोर कचरा कलेक्शन के एवज में लिया जाने वाला यूजर चार्ज शामिल है, जिसकी साल में एक बार एकमुश्त वसूली कर ली जाती है। पर अब पॉयलट प्रोजेक्ट के रूप में ई-चालान को इसमें जोड़ दिया गया है। इस स्थिति में चालान के रकम को भरने में नागरिक देरी करता है तो सीधे उसके प्रापर्टी टैक्स में जोड़कर वसूली कर ली जाएगी। इस ई-चालान को लोगों के घरों में लगाए गए डिजिटल डोर नंबर प्लेट के साथ कनेक्ट किया गया है।

खबर संक्षेप

त्रिलोकी मां कालीबाड़ी में आज होगा जगराता

रायपुर। श्रीश्री शारदीय दुर्गोत्सव समिति, त्रिलोकी मां कालीबाड़ी डॉ. राजेंद्र नगर में 18 अक्टूबर को अतिरिक्त सप्तमी पूजा के साथ ही जगराता का आयोजन किया गया है। इस दौरान प्रसिद्ध गायक अमित शर्मा एवं उनके साथियों द्वारा माता के भक्तिगीतों की सुमधुर प्रस्तुति दी जाएगी। यह जानकारी समिति के सचिव विवेक बर्धन ने देते हुए बताया कि जगराता की शुरुआत रात्रि 8.30 बजे से होगी। श्री बर्धन ने सभी धर्मप्रेमी बंधुओं से सपरिवार उपस्थित होकर देवी दर्शन और महाप्रसाद का लाभ उठाने का अनुरोध किया है।



निधन



प्रभा खरे

रायपुर। विवेक सदन देवपुरी निवासी प्रभा खरे (75) का 17 अक्टूबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 18 अक्टूबर को सुबह 10 बजे उनके निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशान घाट के लिए निकलेगी। वे स्व. जगत नारायण खरे की पत्नी और इंद्रपाल वर्मा, लतिका श्रीवास्तव, वरिष्ठ पत्रकार नागेंद्र पाल वर्मा, मधु वर्मा की बड़ी बहन एवं विनय, सचिन, प्रखर की माता थीं।

राजधानी रायपुर में लगातार काटे जा रहे बकायादारों के कनेक्शन

कनेक्शन कटा तो 38 उपभोक्ता खंभों से सीधे करने लगे बिजली चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर में लगातार बिजली बिल के बकायादारों के कनेक्शन कट किए जा रहे हैं, लेकिन इसी के साथ अब जिनके कनेक्शन कट किए जा रहे हैं, उनके कनेक्शनों की वापस जांच भी की जा रही है। ऐसी ही जांच में 38 उपभोक्ता जहां बिजली खंभों से ही हूकिंग करके बिजली चोरी करते पाए गए हैं, वहीं 64 उपभोक्ता आसपास के पहचान वालों से कनेक्शन लेकर बिजली का उपयोग कर रहे थे। बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ पॉवर कंपनी सीधे स्पेशल कोर्ट में मामला ले जाएगी। कोर्ट से ही इन पर फैसला होगा।

प्रदेशभर में बिजली उपभोक्ताओं पर तीन हजार करोड़ से ज्यादा का बकाया है। मार्च 2023 तक करीब 13 लाख उपभोक्ताओं पर डेढ़ हजार करोड़ से ज्यादा का जो बकाया है, उनके लिए तो समाधान योजना में बिजली बिल का समाधान किया जा रहा है, लेकिन इसके बाद जिन उपभोक्ता का बकाया है और लगातार नोटिस के बाद भी ये उपभोक्ता बकाया जमा नहीं कर रहे हैं, ऐसे उपभोक्ताओं की बिजली कट की जा रही है।

अब स्पेशल कोर्ट में पेश होगा मामला



जांच में पाई गई बिजली चोरी

रायपुर के सर्किल एक की टीम ने शनिवार को चंगोराभाठा, डीडी नगर और टिकरापारा जोन में जांच अभियान चलाया गया। इसमें 486 उपभोक्ताओं की जांच की गई। इसमें 200 उपभोक्ता लाइन का उपयोग नहीं कर रहे थे। 96 बकायेदारों की बिजली काटी गई। इन पर दस लाख का बकाया है। 119 बकायेदारों ने 11 लाख जमा किए। जिनके कनेक्शन कटे हैं ऐसे उपभोक्ताओं में से दो जहां सीधे खंबों से बिजली चोरी करते पकड़े गए, वहीं 11 ने आस-पास के घरों से कनेक्शन लेकर रखा था। इनको नोटिस दिया गया। 25 उपभोक्ताओं के मीटर निकाले गए, इनके कनेक्शन कटे हुए हैं।

कचना शंकर नगर में पकड़े गए दो दर्जन बिजली चोर

कचना और शंकर नगर जोन में 235 उपभोक्ताओं के कनेक्शन बकाया होने पर कट किए थे। कनेक्शन कट होने के बाद भी जब 156 उपभोक्ताओं ने बकाया जमा नहीं किया तो संदेह के आधार पर इनके कनेक्शनों की जांच की गई। इस जांच में दो दर्जन उपभोक्ता सीधे बिजली के खंबों से हूकिंग करके बिजली चोरी करते पकड़े गए। इनके अवैध कनेक्शन जहां काटे गए, वहीं इनके खिलाफ एक्शन भी लिया जा रहा है। इसी के साथ 35 उपभोक्ताओं ने आस-पास के पहचान वालों से कनेक्शन ले लिए थे। इनके खिलाफ भी कार्रवाई की जा रही है। इसी तरह से बूढ़ापारा और गंज जोन में 341 कनेक्शन कट किए गए तो 97 उपभोक्ताओं ने अपना बकाया 16.65 लाख जमा कर दिया। इसके बाद इस क्षेत्र में कटे कनेक्शनों की वापस जांच में 12 उपभोक्ताओं को चोरी की बिजली जलाते और 18 को आस-पास से कनेक्शन लेकर बिजली जलाते पकड़ा गया।

विप्रनगर के महिला योग भवन-महतारी सदन का संचालन सीएसआर फंड से

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के विप्र नगर में नवनिर्मित महिला योग भवन एवं महतारी सदन के संचालन की जिम्मेदारी गोदावरी इस्पात समूह द्वारा सीएसआर फंड के माध्यम से निभाई जाएगी। इस पहल से क्षेत्र की महिलाओं, कमजोर आय वर्ग के परिवारों और जरूरतमंद लोगों को इस आधुनिक भवन का लाभ मिलेगा।

- गोदावरी इस्पात समूह को जिम्मा

शनिवार को आयोजित समारोह में रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत, महापौर मीनल चौबे, निगम सभापति सूर्यकांत राठौर सहित जनप्रतिनिधि और संबंधित संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

इस मौके पर महापौर मीनल चौबे ने कहा कि महिला योग भवन एवं महतारी सदन का सीएसआर फंड के माध्यम से संचालन सुनिश्चित होना क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने इस पहल में सहयोग के लिए विधायक राजेश मूणत और गोदावरी इस्पात समूह की सराहना की।



समारोह में रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत, महापौर मीनल चौबे,सभापति सूर्यकांत राठौर, जोन अध्यक्ष प्रीतम ठाकुर, पार्षद महेंद्र औसर, अर्जुन यादव उपस्थित रहे। हीरा ग्रुप की ओर से दिनेश अग्रवाल, कुमार अग्रवाल राधिका और प्रिया अग्रवाल, विनोद पिल्लई सहित अन्य प्रतिनिधि शामिल हुए।

सिविल लाइंस पुलिस ने आरोपी दंपति को किया गिरफ्तार

सौतेले पिता ने तीन साल के मासूम को सिगरेट से दागा, बेरहमी से पीटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सौतेले पिता द्वारा अपने तीन साल के बेटे के साथ बुरी तरह से मारपीट करने के साथ सिगरेट से दागने का मामला सामने आया है। बच्चे की छह साल की बड़ी बहन ने मोहल्ले वालों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद स्थानीय रहवासी घटना की शिकायत दर्ज कराने सिविल लाइंस थाने पहुंचे। मारपीट से बच्चे का एक हाथ फ्रैक्चर हो गया है। हाथ में प्लास्टर चढ़ाना पड़ा है। चोट के कारण बच्चे की आंख बुरी तरह से सूज गई है।

तीन साल के मासूम के साथ मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने राजा उर्फ सुरेश दीप तथा अन्नू देवी को गिरफ्तार किया है। महिला अपने पहले पति से अलग रहती थी। दोनों के अलग रहने के कारणों का अब तक पता नहीं चल पाया है। पुलिस के अनुसार आरोपी ने अब तक महिला के साथ शादी नहीं की है, लेकिन दोनों पति-पत्नी की तरह एक साथ रहते हैं। पुलिस ने माता-पिता के खिलाफ बच्चे के साथ क्रूरता, जानबूझकर चोट पहुंचाने और मिलकर अपराध करने के आरोप में केस दर्ज किया है। किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम, 2015 की धारा 75 और बीएनएस की धारा 115(2) व 3(5) के तहत एफआईआर दर्ज की है।



बच्ची ने रोते हुए मोहल्ले वालों को दी जानकारी : बच्ची के साथ मारपीट की घटना 13 अक्टूबर की बताई जा रही है। बड़ी बहन लक्ष्मी अपने छोटे भाई के साथ मारपीट से बुरी तरह से आहत थी। उसने रोते हुए मोहल्ले वालों के अपने भाई के साथ हुई घटना की जानकारी दी। इसके बाद मोहल्ले वाले आरोपी के घर पहुंचे, तो उन लोगों ने देखा कि बच्चे की दोनों आंखें सूजी हुई हैं। हाथ में प्लास्टर बंधा हुआ है। पीठ में सिगरेट से दागे जाने के निशान मिले। आरोपी तरुण नगर, लोधीपारा में रहते हैं।

करंसी टॉवर से ....

के साथ गाड़ियों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है। इसके कारण कारण शहर की प्रमुख सड़कों पर ट्रैफिक समस्या से हर कोई परेशान है। इस समस्या से निजात दिलाने के उद्देश्य से भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) अब राजधानी में लगभग 274 करोड़ रुपए की लागत से 4 नए फ्लाईओवर बनाने जा रहा है। यह राशि अनुमानित है। इसके लिए एनएचएआई टेंडर भी निकाल चुका है। इन चार फ्लाईओवर में करंसी टॉवर वीआईपी रोड के पास से गौरवपथ तक बनने वाला फ्लाईओवर सबसे लंबा होने के साथ रायपुर का पहला ओवर ब्रिज होगा, जो तेलीबांधा ओवरब्रिज के लगभग 5 मीटर ऊपर से गुजरेगा। यह ब्रिज वीआईपी रोड करंसी टॉवर से एक्सप्रेस-वे के बगल से होकर तेलीबांधा ब्रिज के ऊपर से गुजरकर तेलीबांधा थाना के आगे एक्सप्रेस-वे के पहले उतरेगा। प्रदेश में इस तरह के फ्लाईओवर अब तक दुर्ग, बिलासपुर आदि जैसे कुछ चुनिंदा शहरों में ही बने हैं।

सिग्नल चौक पर जाम से मुक्ति दिलाने बनाएंगे फ्लाईओवर: एनएचएआई के जारी किए गए टेंडर के अनुसार रायपुर में तेलीबांधा, उद्योग भवन, अग्रसेन चौक तथा सरोना चौक के पास फ्लाईओवर का निर्माण किया जाएगा। इन चारों जगह फ्लाईओवर बनाने का मुख्य उद्देश्य इन मार्गों की मुख्य सड़क पर क्रॉसिंग, चौक पर लगे ट्रैफिक सिग्नल के कारण लगने वाला जाम है। रेड सिग्नल के कारण अक्सर सड़कों पर गाड़ियों का लंबा रेला लग जाता है, जिसके कारण बार-बार जाम की स्थिति भी बनती है। इन सिग्नल चौक पर फ्लाईओवर का निर्माण होने से शहर के अंदर और बाहर जाने वाली गाड़ियां बिना सिग्नल में फंसे फ्लाईओवर से जा पाएंगी। इससे मुख्य सड़कों पर गाड़ियों का दबाव भी कम होगा तथा जाम से मुक्ति मिलेगी।

इन स्थानों पर भी फ्लाईओवर बनने से मुख्य सड़क पर जाम से मिलेगी मुक्ति : एनएचएआई के अफसरों के अनुसार अग्रसेन धाम चौक, उद्योग भवन एवं सरोना चौक के पास भी सिग्नल चौक के ऊपर से फ्लाईओवर के बनने से मुख्य मार्गों पर गाड़ियों का दबाव कम पड़ेगा। शहर के अंदर और बाहर जाने के लिए फ्लाईओवर से बिना रुके गाड़ियां चलेंगी, जिससे सिग्नल चौक पर लगने वाले जाम से मुक्ति मिलेगी।

पेज 03 के शेष ...

महादेवघाट के विसर्जन ...

है। इसके साथ ही विसर्जन व्यवस्था के सुचारू संचालन और इसकी प्रशासकीय निगरानी के लिए निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों की तीन पालियों में 8-8 घंटे की शिफ्टवाइज ड्यूटी लगाई गई है। राजधानी में 20 से 25 अक्टूबर तक महादेवघाट के विसर्जन कुंड में दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा। नगर निगम इसके लिए व्यवस्था बनाने में जुट गया है। विसर्जन स्थल पर लाइट, क्रेन, स्टेज, लाउड स्पीकर, पीने के पानी और सफाई की व्यवस्था के लिए नगर निगम जोन 8 कमिश्नर राजेश्वरी पटेल को प्रशासनिक कार्य दायित्व सौंपा गया है। वहीं व्यवस्था का संचालन करने नगर निगम के दस जोन के जोन अधिकारी व कर्मचारियों की 20 अक्टूबर को सुबह 6 बजे से 25 अक्टूबर 2026 की सुबह 6 बजे तीन पालियों में विसर्जन कुंड स्थल पर ड्यूटी लगाई गई है। नगर निगम आयुक्त संबित मिश्रा द्वारा जारी प्रशासनिक आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है।

दशहरा उत्सव के ...

और स्ट्रीट लाइट और अग्निशमन वाहनों की उपलब्धता सुनिश्चितत की जा रही है। दशहरा उत्सव और माता दुर्गा प्रतिमा के विसर्जन व्यवस्था पर नजर रखने निगम आयुक्त संबित मिश्रा की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया गया है। इस समिति में अपर आयुक्त विनोद पांडे, उपायुक्त स्वास्थ्य जसदेव बाबरा सहित विभिन्न जोन कमिश्नर, प्रमुख अभियंता स्तर के अधिकारियों को शामिल किया गया है। यह समिति पंडाल, बिजली , माइक, फायर ब्रिगेड, चिकित्सा सहित आवश्यक सुविधाओं का समन्वय करेगी।

भाजपा प्रदेश प्रभारी ...

किसी प्रदेश प्रभारी के स्वागत में कोई भी होर्डिंग्स नहीं लगेगा। भाजपा के किसी भी नेता को जब कोई बडी जिम्मेदारी मिलती है और उनका पहली बार रायपुर आगमन होता है तो उनका भव्य स्वागत किया जाता है, इसी के साथ उनके स्वागत में विमानतल से लेकर शहर को होर्डिंग्स से पाट दिया जाता है।

प्रदेश भाजपा के आज तक जितने भी प्रदेशाध्यक्ष बने हैं और जितने भी प्रदेश प्रभारी बने हैं, सबके स्वागत में बड़े-बड़े होर्डिंग्स लगते हैं। यह नजारा आम रहता है, लेकिन अब पहली बार एक ऐसा नजारा देखने को मिलेगा जैसा पहले कभी नहीं देखा गया है। 25 अक्टूबर को जब नई प्रदेश प्रभारी रायपुर पहुंचेगी, तो उनके स्वागत में उनकी फोटो के साथ कोई भी होर्डिंग्स कहीं नजर नहीं आएगा, इसके पीछे का कारण यह है कि प्रदेश प्रभारी ने खुद ही प्रदेश संगठन को यह फरमान भेजा है कि उनके स्वागत में कोई होर्डिंग्स न लगाया जाए। इसके बाद प्रदेश संगठन ने होर्डिंग्स न लगाने का फैसला किया है।

नवरात्रि के 9 दिनों में ....

5 दिन दफ्तर खुले रहे, लेकिन इस दौरान भी रजिस्ट्री कराने बहुत कम संख्या में लोग पहुंचे। नवरात्रि के सातवें दिन शनिवार एवं आठवें दिन रविवार की छुट्टी है। 9वें दिन सोमवार को महाअष्टमी की छुट्टी है। इस तरह इस बार नवरात्रि में सिर्फ 5 दिन ही रजिस्ट्री हो पाई है।

रजिस्ट्री में निरंतर ....

हुई थी। इसी प्रकार वर्ष 2024 में 5 दिनों में 11 सौ से अधिक रजिस्ट्री हुई थी, वहीं पंजीयन फीस एवं स्टाम्प ड्यूटी मिलाकर 25 करोड़ रुपए से अधिक की आय हुई थी।

बिजनेस साइट

सिल्क वीव्स एक्सपो को मिल रहा जबरदस्त रिस्पॉन्स, 19 अक्टूबर आखिरी दिन

रायपुर। सिविल लाइंस स्थित गुरु तेगबहादुर भवन में आयोजित सिल्क वीव्स एक्सपो की करवा चौथ व दिवाली एडिशन-2026 प्रदर्शनी को शहरवासियों का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। देश के विभिन्न राज्यों से आए बुनकरों और कारीगरों के पारंपरिक सिल्क उत्पाद खरीदारों को आकर्षित कर रहे हैं। प्रदर्शनी का सोमवार, 19 अक्टूबर को आखिरी दिन है। एक्सपो में बनारसी, कांजीवरम, कोसा सिल्क, बेंगलुरु सिल्क, जामदानी और वेडिंग स्पेशल साड़ियों की विस्तृत रेंज उपलब्ध है। इसके अलावा शॉल, स्टोल, लिनेन और एथनिक परिधान भी पसंद किए जा रहे हैं। कोलकाता, बनारस, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, ओडिशा और असम के बुनकर अपने उत्पाद लेकर पहुंचे हैं। फेस्टिव सीजन की खरीदारी के लिए सिल्क और कॉटन उत्पादों पर 60 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। आयोजकों के मुताबिक, प्रदर्शनी का उद्देश्य पारंपरिक हथकरघा कला को बढ़ावा देना और बुनकरों को सीधे ग्राहकों तक पहुंच उपलब्ध कराना है। प्रदर्शनी सुबह 11 से रात 9 बजे तक खुली रहेगी। यहां प्रवेश और पार्किंग की व्यवस्था निशुल्क है।



बैंक ऑफ बड़ौदा ने रायपुर में खोला आंतरिक लेखा परीक्षा प्रभाग और प्रशिक्षण केंद्र

रायपुर। बैंक ऑफ बड़ौदा ने रायपुर में आंचलिक आंतरिक लेखा परीक्षा प्रभाग (जेडआईएडी) और प्रशिक्षण केंद्र बड़ौदा अकादमी का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में बैंक के कार्यपालक निदेशक संजय विनायक मुदलियार मौजूद रहे। इस पहल का उद्देश्य आंतरिक लेखा परीक्षा, जोखिम प्रबंधन और अनुपालन व्यवस्था को मजबूत करने के साथ कर्मचारियों के कौशल एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करना है। श्री मुदलियार ने कहा कि ये संस्थान बेहतर प्रशासनिक व्यवस्था और निरंतर प्रशिक्षण को बढ़ावा देंगे, जिससे ग्राहकों को बेहतर सेवाएं मिल सकेंगी। छत्तीसगढ़ में कारोबार विस्तार के उद्देश्य से श्री मुदलियार ने राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों और बैंक के प्रमुख ग्राहकों से भी मुलाकात की। इस दौरान व्यावसायिक सहयोग और दीर्घकालिक संबंध मजबूत करने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में रायपुर अंचल प्रमुख दिवाकर पी. सिंह सहित बैंक के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।



इंडियन बैंक की टाउन हॉल बैठक में डिजिटल बैंकिंग पर जोर


रायपुर। इंडियन बैंक के कार्यपालक निदेशक आशुतोष चौधरी की अध्यक्षता में टाउन हॉल बैठक आयोजित की गई। बैंक कर्मचारियों ने छत्तीसगढ़ का राजकीय गीत गाया और लोकनृत्य की प्रस्तुति दी। क्षेत्र महाप्रबंधक कनका एस ने स्वागत भाषण दिया। इसके बाद श्री चौधरी ने चालू वित्तीय वर्ष की दूसरी तिमाही के वित्तीय परिणामों की जानकारी देते हुए बैंक की उपलब्धियों में कर्मचारियों के योगदान की सराहना की। उन्होंने भविष्य के लक्ष्यों और नए कीर्तिमान स्थापित करने के लिए तैयार रोडमैप से भी अवगत कराया। बैठक में बैंक अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच संवाद एवं प्रश्नोत्तरी हुई। श्री चौधरी ने ग्राहकों को डिजिटल बैंकिंग की सुविधाओं, उपयोगिता और सरलता के प्रति जागरूक करने पर जोर दिया। अंत में अंचल प्रबंधक रूपेश अग्रवाल ने आभार व्यक्त किया। इसके साथ ही बैठक का समापन हुआ।



बीटीआई मैदान में दशहरे की तैयारी, भूमिपूजन

रायपुर। खम्हारडीह सार्वजनिक दशहरा एवं सांस्कृतिक समिति द्वारा शंकरनगर स्थित बीटीआई मैदान में दशहरा उत्सव की तैयारियों का शुभारंभ छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने विधिवत भूमिपूजन कर किया। इस मौके पर श्री श्रीवास्तव ने कहा कि दशहरा का पर्व असत्य पर सत्य, अधर्म पर धर्म और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। यह पर्व हमें भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने तथा समाज में सद्भावए एकता और सकारात्मकता को बढ़ावा देने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर मुख्य रूप से पार्षद रोहित साहू, विजेंद्र यादव, जगदीश साहू, हरिराम पाल, पुनीत यादव, गिरवर साहू, सूर्यवंश साहू, पारसनाथ समेत समिति के पदाधिकारी-सदस्य एवं क्षेत्र के नागरिक उपस्थित रहे।









नगरीय निकाय चुनाव पर भाजपा की बनी रणनीति, बूथों को मजबूत करने पर फोकस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश भाजपा संगठन ने दिसंबर में प्रदेश के 15 नगरीय निकायों में होने वाले चुनाव को लेकर तैयारी प्रारंभ कर दी है। कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में शनिवार को नगरीय निकाय चुनाव को लेकर रणनीति पर मंथन किया गया। बैठक में संगठनात्मक तैयारियों और बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं की सक्रियता को लेकर विस्तार से रणनीतिक चर्चा हुई। बूथों को मजबूत करने के लिए सभी कार्यकर्ताओं से काम कराने के लिए कहा गया। प्रदेश में दिसंबर में जिन निकायों में चुनाव होने हैं, उनमें नगर पालिक निगम बीरगांव, भिलाई, भिलाई-चरौदा एवं रिसाली, नगरपालिका परिषद जामुल, सारंगढ़, बैकुण्ठपुर, शिवपुर-चरचा एवं खैरागढ़ तथा नगर पंचायत प्रेमनगर, मारो, कोंटा, नरहरपुर, भैरमगढ़ एवं भोपालपट्टनम शामिल हैं। इसके अतिरिक्त नवगठित नगर पंचायत तमनार एवं बड़ी करेली में भी चुनाव होगा।

- प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर ने कहा- केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं की घर-घर पहुंचाएं जानकारी



सभी निकायों में जीत का लक्ष्य

बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा, नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा का लक्ष्य सभी नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायतों में जीत हासिल करना है। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाना और प्रत्येक बूथ को मजबूत करना ही हमारी जीत का आधार होगा। हमारा लक्ष्य केवल नगरीय निकाय चुनाव ही नहीं, बल्कि यह चुनाव आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी भी है। नगरीय निकाय चुनाव के साथ हमें विधानसभा में भी प्रचंड जीत हासिल करनी है। भाजपा प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी ने कहा, भाजपा पूरी तैयारी के साथ चुनाव मैदान में उतरेगी और प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी। क्रेडा अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता भूपेन्द्र सवन्नी ने कहा, भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता बूथ स्तर पर सक्रिय है। हम वार्ड-वार्ड तक संपर्क कर सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाएंगे। नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत होगी और ट्रिपल इंजन की सरकार विकास को नई गति देगी।

बैठक का संचालन प्रदेश महामंत्री डॉ. नवीन मार्कण्डेय ने किया। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन, प्रदेश उपाध्यक्ष जगन्नाथ पाणिग्रही, संभाग प्रभारी, नगरीय निकाय चुनाव प्रभारी, सह प्रभारी सहित भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप



शौर्यांजलि कार्यक्रम में शामिल हुए सीएम साय

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सेवा संकल्प अभियान के अंतिम दिन आयोजित 'शौर्यांजलि' कार्यक्रम में शामिल हुए। राजधानी रायपुर में हुए कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मुख्यमंत्री ने आयोजन की सराहना करते हुए 'द हिंदू फाउंडेशन' के संयोजक और उनकी पूरी टीम को बधाई दी। कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम के महानायक शहीद वीरनारायण सिंह के वंशज भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान का अंतिम दिन विशेष महत्व रखता है। इस अवसर पर शहीदों को याद करने और उनके बलिदान के प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए 'द हिंदू फाउंडेशन' की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया गया।

छात्रवृत्ति प्रोत्साहन योजना की अंतिम तिथि 30 तक

रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ मर्यादित ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 की छात्रवृत्ति प्रोत्साहन योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 30 अक्टूबर 2026 कर दी है। पहले आवेदन की अंतिम तिथि 15 अक्टूबर निर्धारित थी। संघ ने संबंधित जिला यूनियनों एवं प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों को पात्र छात्र-छात्राओं से आवेदन प्राप्त करने, उनका निर्धारित समय-सीमा में परीक्षण करने और आगे की प्रक्रिया के लिए अग्रेषित करने के निर्देश दिए हैं। संघ ने छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों से अपील की है कि वे बढ़ी हुई समय-सीमा का लाभ उठाते हुए 30 अक्टूबर 2026 से पहले ऑनलाइन आवेदन पूरा कर लें। योजना से संबंधित आवश्यक जानकारी और आवेदन प्रक्रिया में सहायता के लिए संबंधित प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति से संपर्क किया जा सकता है। योजना के अंतर्गत पात्र विद्यार्थियों को लाभ दिलाने के लिए आवेदन प्रक्रिया निर्धारित समय-सीमा के अनुसार पूर्ण कराने पर जोर दिया गया है।

11 दिसंबर तक नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के लिए कर सकेंगे आवेदन

मतदाता सूची का विशेष पुनरीक्षण 12 नवंबर से, अंतिम सूची 4 जनवरी को होगी जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में एक जनवरी 2027 की अर्हता तिथि के आधार पर मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण किया जाएगा। केंद्रीय निर्वाचन आयोग के निर्देश पर होने वाले इस अभियान के तहत 12 नवंबर को प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। इसके बाद 11 दिसंबर तक मतदाता सूची में नाम जोड़ने, नाम हटाने और विवरण में संशोधन के लिए दावे-आपत्तियां दर्ज कराई जा सकेंगी। प्राप्त आवेदनों और आपत्तियों का निराकरण 28 दिसंबर तक किया जाएगा, जबकि अंतिम मतदाता सूची चार जनवरी 2027 को जारी होगी।

इस अभियान का प्रमुख उद्देश्य पहली बार मतदान के लिए पात्र हो रहे युवाओं के साथ उन नागरिकों का पंजीकरण सुनिश्चित करना है, जिनका नाम किसी कारणवश मतदाता सूची में शामिल नहीं हो पाया है। निर्वाचन प्रक्रिया के तहत मतदान केंद्रों का युक्तिकरण और पुनर्गठन भी किया जाएगा, ताकि मतदाताओं को मतदान के दौरान सुविधा मिल सके।

एक मतदान केंद्र पर अधिकतम 1200 मतदाता रखने की तैयारी



एक मतदान केंद्र पर अधिकतम 1200 मतदाता

निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार मतदान केंद्रों का युक्तिकरण और पुनर्गठन दो नवंबर तक पूरा किया जाना है। नई व्यवस्था के तहत एक मतदान केंद्र पर अधिकतम 1200 मतदाता रखने का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही मतदान केंद्र मतदाताओं के निवास से दो किलोमीटर के दायरे में होना चाहिए और केंद्र के लिए भवन का भूतल निर्धारित किया गया है। इस व्यवस्था का उद्देश्य मतदान केंद्रों तक पहुंच आसान बनाना और मतदान के दौरान होने वाली असुविधाओं को कम करना है। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों, दूरस्थ बस्तियों और अधिक मतदाताओं वाले इलाकों में केंद्रों के पुनर्गठन से मतदाताओं को राहत मिलने की उम्मीद है।

घर बैठे ऑनलाइन आवेदन की सुविधा

मतदाता निर्वाचन आयोग की आधिकारिक वेबसाइट और ईसीआइनेट मोबाइल एप के माध्यम से भी आवेदन कर सकेंगे। इससे मतदाताओं को आवेदन के लिए कार्यालयों के चक्कर लगाने की जरूरत कम होगी। निर्वाचन संबंधी सहायता और जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 1950 पर संपर्क किया जा सकता है।

वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगों के लिए विशेष शिविर

पुनरीक्षण अभियान के दौरान वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगों, महिलाओं, बेघर नागरिकों और कमजोर वर्गों के पात्र लोगों का नाम मतदाता सूची में जोड़ने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसके लिए विशेष शिविर और सहायता केंद्र बनाए जाएंगे। निर्वाचन तंत्र का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र नागरिक पंजीकरण से वंचित न रहे।

18 वर्ष पूरे करने वाले युवाओं को मिलेगा मौका

एक जनवरी 2027 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवाओं के अलावा अगले वर्ष एक अप्रैल, एक जुलाई और एक अक्टूबर को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले पात्र नागरिक भी अग्रिम आवेदन कर सकेंगे। इससे युवाओं को अपनी पात्रता के अनुसार मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने का अवसर मिलेगा।

नाम जुड़वाने, हटाने के लिए भरना होगा फार्म

नाम जुड़वाने के लिए फार्म-6, प्रवासी मतदाताओं के पंजीकरण के लिए फार्म-6ए, नाम हटाने या किसी प्रविष्टि पर आपत्ति दर्ज कराने के लिए फार्म-7 तथा नाम, पते सहित अन्य विवरणों में संशोधन, निवास स्थान बदलने और दिव्यांगता संबंधी चिह्नांकन के लिए फार्म-8 भरना होगा।

छत्तीसगढ़ के 8 नेताओं को मिली बड़ी जिम्मेदारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कांग्रेस आलाकमान ने संगठन को मजबूत करने और आगामी रणनीतियों को धार देने के लिए अपने महत्वाकांक्षी वोट बचाओ, देश बचाओ अभियान की तैयारी तेज कर दी है। इस राष्ट्रव्यापी अभियान को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए पार्टी ने कुल 208 पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है।

यह अभियान कांग्रेस आलाकमान ने संगठन को मजबूत करने और आगामी रणनीतियों को धार देने के लिए अपने महत्वाकांक्षी 'वोट बचाओ, देश बचाओ' अभियान की तैयारी तेज कर दी है। यह अभियान देश के अलग-अलग राज्यों और जिलों में जमीनी स्तर पर चलाया जाएगा, जिसकी कमान अनुभवी नेताओं के हाथों में सौंपी गई है।

छत्तीसगढ़ के इन दिग्गज नेताओं पर जताया भरोसा

इस राष्ट्रीय अभियान के तहत छत्तीसगढ़ के 8 प्रमुख एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं को बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। केंद्रीय नेतृत्व द्वारा जारी सूची में राज्य के पूर्व मंत्रियों और वरिष्ठ संगठन प्रमुखों को शामिल किया गया है। जिम्मेदारी पाने वाले नेताओं में डॉ. शिव डहरिया, जयसिंह अग्रवाल, विकास उपाध्याय, मोहन मरकाम, डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, अमरजीत भगत और फूलोदेवी नेताम शामिल हैं। इन नेताओं का संगठनात्मक अनुभव अभियान को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

अलग-अलग जिलों में निगरानी और संचालन की व्यवस्था

नियुक्त किए गए सभी 208 पर्यवेक्षक अलग-अलग जिलों में अभियान से जुड़ी हर गतिविधि के संचालन और उसकी क्लोज मॉनिटरिंग की व्यवस्था संभालेंगे। ये नेता संबंधित क्षेत्रों में जाकर कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय स्थापित करेंगे, बैठकों का आयोजन करेंगे और अभियान के उद्देश्यों को जनता तक पहुंचाने का काम करेंगे। पार्टी का मानना है कि इस व्यवस्था से अभियान का प्रभाव जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत होगा।

बैज बोले-पीडब्ल्यूडी बना डामर घोटाले और कमीशनखोरी का केंद्र

रायपुर। छत्तीसगढ़ में सड़कों की बदहाली को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने भाजपा सरकार और लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) पर हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में राजधानी रायपुर से लेकर बस्तर और सरगुजा तक सड़कों की हालत खराब है। उन्होंने पीडब्ल्यूडी की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए विभाग में भ्रष्टाचार, कमीशनखोरी और निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में अनियमितताओं के आरोप लगाए हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, भाजपा सरकार विकास के बड़े-बड़े दावे कर रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर सड़कों की स्थिति उन दावों से मेल नहीं खाती। उन्होंने आरोप लगाया कि सड़क निर्माण के लिए निविदाएं जारी करने पर जोर दिया जा रहा है, जबकि कई जगहों पर निर्माण और मरम्मत कार्य अपेक्षित गति से नहीं हो रहे हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सुशासन संबंधी घोषणाओं पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि जनता को बेहतर सड़कें उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है।



घटिया निर्माण सामग्री और टेंडर प्रक्रिया पर सवाल

दीपक बैज ने आरोप लगाया कि पीडब्ल्यूडी में ठेकेदारों और अधिकारियों की कथित मिलीभगत के कारण सड़क निर्माण की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। उन्होंने दावा किया कि कुछ स्थानों पर घटिया डामर और निर्माण सामग्री के इस्तेमाल के कारण सड़कें बनने के कुछ ही समय बाद खराब हो जाती हैं। उन्होंने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल का उल्लेख करते हुए कहा, उस दौरान ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में सड़क निर्माण तथा बुनियादी ढांचे के सुदृढ़ीकरण को प्राथमिकता दी गई थी।

मुख्यमंत्री हेल्पलाइन को कांग्रेस ने बताया राजनीतिक नौटंकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 को लेकर कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। प्रदेश कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन को राजनीतिक नौटंकी करार देते हुए आरोप लगाया कि शिकायतों को संबंधित विभागों के पास भेज देने को ही समाधान बताकर खानापूर्ति की जा रही है। उन्होंने कहा, सरकार शिकायतों के निराकरण के आंकड़े जारी कर अपनी पीठ थपथपा रही है, जबकि आम नागरिकों की समस्याओं का वास्तविक समाधान कितना हो रहा है, यह स्पष्ट नहीं है।



उन्होंने कहा, भाजपा सरकार के कार्यकाल में राजनीतिक प्रचार और सस्ती लोकप्रियता हासिल करने पर अधिक जोर दिया जा रहा है। जनता की समस्याओं के निराकरण को लेकर सरकार की गंभीरता पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन भी जल्द ही एक उबाऊ कॉल सेंटर बनकर रह जाएगी और अंततः इसे बंद करना पड़ सकता है। उन्होंने सरकार की ओर से 16 अक्टूबर को जारी जानकारी का हवाला देते हुए बताया कि 9 जून से 15 अक्टूबर के बीच मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 पर कुल 2,31,850 शिकायतें दर्ज की गईं। इनमें से 2,05,996 शिकायतों के निराकरण की जानकारी दी गई, जबकि 25,854 शिकायतें लंबित बताई गईं। सरकार ने शिकायतों के निराकरण की दर 88.85 प्रतिशत बताई है। उन्होंने मांग की कि सरकार विभागवार और जिलावार आंकड़े सार्वजनिक करे।

सिटीजन चार्टर हटाने का लगाया आरोप : कांग्रेस नेता ने कहा, प्रदेश के सरकारी विभागों में नागरिकों को सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए सिटीजन चार्टर बनाया गया था। इसमें विभिन्न सरकारी कार्यों को पूरा करने की समय-सीमा निर्धारित की गई थी, ताकि लोगों को पता रहे कि उनका काम कितने दिनों में होना चाहिए।



वोट बचाओ-देश बचाओ अभियान, 20 अक्टूबर तक जनयात्रा और बाइक रैली

कांग्रेस ने 41 जिलों में नियुक्त किए पर्यवेक्षक

आंदोलन तेज करने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मतदाता सूची में कथित गड़बड़ियों और मताधिकार से वंचित किए जाने के मुद्दे पर कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ में अपना आंदोलन तेज करने की तैयारी शुरू कर दी है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रव्यापी 'वोट बचाओ-देश बचाओ' अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने सभी जिलों में पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है।

संगठन की ओर से जारी आदेश के तहत दूसरे और तीसरे चरण के आंदोलन की जिम्मेदारी संबंधित पर्यवेक्षकों को सौंपी गई है।



जनयात्रा, साइकिल रैली और प्रशासनिक मुख्यालयों तक प्रदर्शन

अभियान के दूसरे चरण के तहत 10 से 20 अक्टूबर तक ब्लॉक स्तर पर जनयात्रा, साइकिल रैली और बाइक रैली निकाली जानी है। इनका समापन एसडीएम कार्यालय अथवा प्रशासनिक मुख्यालयों तक किया जाएगा। समापन स्थल पर संविधान के अनुच्छेद 326 का पाठ, राष्ट्रगान और विरोध प्रदर्शन प्रस्तावित है। कांग्रेस कार्यकर्ता दशहरा के दौरान सार्वजनिक सभाओं और पर्चा वितरण के माध्यम से भी लोगों तक पहुंचेंगे।

1 नवंबर को दिल्ली में राष्ट्रीय रैली

अभियान के तहत इंडिया गठबंधन के सहयोग से 1 नवंबर को नई दिल्ली के रामलीला मैदान में राष्ट्रीय रैली आयोजित करने की रूपरेखा भी तय की गई है। कांग्रेस इसे मतदाता सूची में कथित अनियमितताओं के खिलाफ राष्ट्रीय स्तर पर आवाज बुलंद करने के अवसर के रूप में देख रही है।

25 से गांवों में वोट बचाओ चौपाल

अभियान के तीसरे चरण के तहत 25 अक्टूबर से 25 नवंबर तक राज्य और जिला मुख्यालयों में संयुक्त पत्रकारवार्ताएं आयोजित की जाएंगी। इसके साथ ही ब्लॉक और बूथ स्तर पर पार्टी कार्यकर्ताओं तथा बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) की बैठकें होंगी। कांग्रेस बूथ स्तर पर सत्यापन अभियान चलाकर मतदाता सूची से हटाए गए या कथित रूप से प्रभावित मतदाताओं की पहचान करेगी। गांवों में 'वोट बचाओ चौपाल' आयोजित कर लोगों को पर्चे बांटकर जागरूक किया जाएगा।

नियमों की सख्ती, 30 से ज्यादा नर्सिंग कालेज मान्यता सूची से बाहर, इस बार 1800 के करीब बीएससी की सीटें कम होंगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

आईएनसी के नियमों का सख्ती से पालन करते हुए सीजीएनआरसी ने 122 नर्सिंग कालेजों की मान्यता सूची जारी कर दी है। इसमें इस सत्र से प्रारंभ होने वाले नए शासकीय कालेज भी शामिल हैं और पुराने लिस्ट के करीब 30 कालेजों को बाहर कर दिया गया है। माना जा रहा है कि कालेज कम होने की वजह से इस बार बीएससी नर्सिंग की करीब 1800 सीटें कम हो सकती हैं।

छत्तीसगढ़ नर्सिंग रजिस्ट्रेशन काउंसिल पर सूची जारी करने का भारी दबाव था, क्योंकि आईएनसी के आदेश के मुताबिक प्रवेश प्रक्रिया पूरी करने की अंतिम तारीख 30 अक्टूबर है। सीजीएनआरसी से काफी विचार-मंथन के बाद शनिवार अवकाश के दिन 122 नर्सिंग कालेजों को मान्यता देते हुए सूची जारी कर दी। इस लिस्ट में इस साल शुरू होने वाली 9 शासकीय नर्सिंग कालेज और पुराने आठ कालेज शामिल हैं। संशोधित सूची से करीब 30 निजी कालेजों को नियमों की कमी का हवाला देते हुए मान्यता नहीं दी गई है। माना जा रहा है कि विशेष परिस्थिति नहीं होने पर इनके लिस्ट में शामिल होने के आसार काफी कम हैं। कालेजों के हटने की वजह से करीब 1800 सीटों की कमी होने का अनुमान है। पिछली बार राज्य में बीएससी नर्सिंग की करीब 7800 सीटें थी औरप काउंसिलिंग पूरी होने के बाद दो हजार से ज्यादा सीटें खाली रह गई थीं।

अवकाश के दिन 122 निजी नर्सिंग कालेजों को सीजीएनआरसी ने दी प्रवेश के लिए मान्यता

शुल्क पटाने वालों को किया गया मान्य

नर्सिंग कालेजों को आईएनसी की उपयुक्तता नहीं मिलने की वजह से मामला अटका था और करीब 43 कालेजों पर कार्रवाई की तलवार अटकी थी। सीजीएनआरसी ने मसला हल करते हुए उन कालेजों को भी वर्ष 2026-27 में प्रवेश के लिए मान्य किया है जिन्होंने उपयुक्तता के लिए शुल्क सहित आवेदन की प्रक्रिया पूरी कर ली है। जिन कालेजों ने इसमें देरी की है उसे सूची से दूर रखा गया है। कमियां दूर करने से आठ सूत्रीय बिंदु पर कमियां सुधारने के लिए कालेजों को बीएससी नर्सिंग के अलावा, पोस्टबेसिक तथा एमएससी की सीटों के लिए मान्य किया गया है।



काउंसिलिंग शेड्यूल शीघ्र

मान्यता मिलने के बाद आयुष विवि की संबद्धता सूची क्लियर होते ही काउंसिलिंग का रास्ता साफ हो जाएगा। इसके बाद चिकित्सा शिक्षा विभाग शेड्यूल जारी कर प्रवेश की प्रक्रिया पूरी करेगा। माना जा रहा है कि अगले 10-11 दिनों में एडमिशन का काम पूरा होने संभव नही हैं। ऐसे में आईएनसी प्रवेश की अंतिम तिथि भी बढ़ा सकती है। राज्य में यूजी स्तर के ज्यादातर व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है।

खबर संक्षेप



प्रॉपर्टी डीलर से लूट के आरोप में दो गिरफ्तार

रायपुर। पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के कंकालीपारा के पास पेशे से प्रॉपर्टी डीलर आशीष ठाकुर के साथ मारपीट कर मोबाइल तथा एक्टिवा की चाबी लूटकर ले जाने वाले दो बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। प्रॉपर्टी डीलर की शिकायत पर पुलिस ने डीडीनगर निवासी धीरेंद्र सिंह तोमर, आमानाका निवासी आकाश पाण्डेय को गिरफ्तार किया है। पीड़ित ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि शुक्रवार को दोनों आरोपी उसके पास पहुंचे और बेल्ट तथा लात-घूंसों से पिटाई कर मोबाइल, एक्टिवा की चाबी लूटकर फरार हो गए थे।

32 पौवा देशी शराब जब्त धरा गया कोचिया

रायपुर। टिकरापारा थाने की पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बिक्री के लिए 32 पौवा देशी शराब ले जाते एक कोचिया को धर-दबोचा। शराब की अवैध बिक्री के आरोप में पुलिस ने अकांश कुर्रे को गिरफ्तार किया है। आरोपी प्लास्टिक बोरी के अंदर शराब रखकर बिक्री के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहा था।

यशवंत प्रदेश संयोजक नियुक्त

रायपुर। आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए कांग्रेस पार्टी अपने सोशल मीडिया टीम को



दुरुस्त करने में लगी हुई है। इसी क्रम में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग द्वारा जिला पंचायत सदस्य यशवंत साहू को छत्तीसगढ़ प्रदेश ओबीसी कांग्रेस सोशल मीडिया कन्वेयर नियुक्त किया गया है। श्री साहू इसके पहले यूथ कांग्रेस के प्रदेश महासचिव रह चुके हैं। उनकी नियुक्ति पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पीसीसी चीफ दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने बधाई दी है।

बाफना बने संभागीय रेल सलाहकार समिति के सदस्य

रायपुर। महादेवघाट रोड व्यापारी कल्याण संघ के अध्यक्ष विमल



बाफना संभागीय रेल सलाहकार समिति दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रेल मंडल रायपुर के सदस्य मनोनीत किए गए हैं। इनका कार्यकाल 1 नवंबर 2026 से 2028 तक रहेगा। श्री बाफना वर्तमान में चैंबर ऑफ कॉमर्स के मंत्री पद और कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के प्रदेश उपाध्यक्ष भी हैं।

तात्यापारा वार्ड में 4 स्थानों पर विकास कार्यों का भूमिपूजन

शीतला मंदिर प्रांगण में 20 लाख की लागत से बनेगा शेड



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

निगम जोन 7 क्षेत्र के तात्यापारा वार्ड में रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने 4 स्थानों पर नए विकास कार्यो का भूमिपूजन किया। वहीं रामसागर पारा में बमलेश्वरी मंदिर के सामने 7 लाख रुपए की लागत से नव निर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में महापौर मीनल चौबे, छग राज्य लौह शिल्पकार विकास बोर्ड अध्यक्ष प्रफुल्ल विश्वकर्मा, जोन अध्यक्ष श्वेता विश्वकर्मा, लोक कर्म विभाग अध्यक्ष दीपक जायसवाल, एमआईसी सदस्य भोलाराम साहू, सुमन पांडे सहित गणमान्य जन उपस्थित रहे।

शनिवार को तात्यापारा वार्ड में अधोसंरचना मद अंतर्गत रामसागरपारा के बमलेश्वरी मन्दिर के सामने 7 लाख रूपये की लागत से नवनिर्मित नए सामुदायिक भवन का लोकार्पण राजेश मूणत ने किया। इसके अलावा विभिन्न स्थानों में नाली मरम्मत एवं निर्माण कार्य, अन्नपूर्णा दुर्गा मन्दिर के पास जर्जर सामुदायिक भवन की मरम्मत और रंग - रोगन कार्य, रामजी हलवाई गली के पास पूर्व निर्मित सामुदायिक भवन में कक्ष निर्माण एवं शेष कार्यों को पूर्ण करने विभिन्न 4 स्थानों में लगभग 36 लाख 25 हजार रूपये की लागत से नए विकास कार्यों का कुदाल चलाकर भूमिपूजन किया।

- जर्जर सामुदायिक भवन मरम्मत के लिए विधायक निधि से मिलेगी राशि

श्री मूणत ने शीतला मन्दिर के प्रांगण में 20 लाख रुपए की लागत से नवीन शेड निर्माण कार्य करवाने और शिव नगर में जर्जर सामुदायिक भवन की मरम्मत का कार्य करवाने 15 लाख रुपए रायपुर पश्चिम विधायक निधि मद से देने की मंच से घोषणा की।

जोन अध्यक्ष श्वेता विश्वकर्मा ने तात्यापारा वार्ड में करीबन 36 लाख रूपये की लागत से चार भिन्न स्थानों पर नए विकास कार्य प्रारम्भ करने और7 लाख रूपये की लागत के नवनिर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण करने पर नागरिकों की ओर से विधायक राजेश मूणत और महापौर मीनल चौबे के प्रति आभार व्यक्त किया।

मशीनरी मर्चेंट एसोसियेशन के व्यापारियों ने बताई समस्याएं, सुझाव भी दिए



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मशीनरी मर्चेंट एसोसिएशन के पदाधिकारियों और व्यापारियों के साथ कैट छत्तीसगढ़ चेप्टर ने व्यापारी संवाद का आयोजन कर उनकी समस्याएं सुनी, समस्याओं के समाधान के सुझाव व्यापारियों से लिए गए। कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी ने कहा कि व्यापार समस्याओं के समाधान एवं शासन-प्रशासन के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने की दिशा में कैट ने यह पहल की है।

- कैट छत्तीसगढ़ का व्यापारी संवाद अभियान

कैट छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमैन विक्रम सिंहदेव, प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन ने संयुक्त रूप से बताया कि व्यापारियों के साथ प्रत्यक्ष संवाद कर उनकी समस्याओं, सुझावों एवं अपेक्षाओं को गंभीरता से सुना गया।

संवाद कार्यक्रम के दौरान रायपुर मशीनरी मर्चेंट एसोसिएशन के व्यापारियों ने अपने व्यापार में आ रही विभिन्न समस्याओं, व्यावहारिक चुनौतियों एवं व्यापार संचालन से जुड़े विषयों से कैट की टीम को अवगत कराया। अमर पारवानी ने कहा कि व्यापारी संवाद अभियान का मुख्य उद्देश्य व्यापारियों के बीच पहुंचकर उनकी वास्तविक समस्याओं को समझना और उनके समाधान के लिए ठोस प्रयास करना है।

कैट छत्तीसगढ़ की टीम ने रायपुर मशीनरी मर्चेंट एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं व्यापारियों को आश्वस्त किया कि उनके द्वारा उठाए गए विषयों पर गंभीरता से विचार करते हुए संबंधित मंचों पर प्रस्तुत किया जाएगा।

व्यापारी संवाद कार्यक्रम में सुरिंदर सिंह, अवनीत सिंह, विजय पटेल ,राजेन्द्र जग्ग, भरत जैन, शंकर बजाज, अनिल दुग्गड़, राजकुमार मोगरा, सुनील बंसल, दीपक चौधरी, जयेश चौधरी, विक्रम व्यास, मनोज पंजवानी, सोहेब अंसारी, गोपाल अग्रवाल सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

नो पार्किंग में पांच दिन में 55 गाड़ियों के खिलाफ

रायपुर। नवरात्रि पर्व को देखते हुए पुलिस ने नो एंट्री का उल्लंघन करने वाले 55 वाहन मालिकों की गाड़ियों पर चालानी कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार जीई रोड, एमजी रोड, मालवीय रोड, बॉम्बे मार्केट, प्रेस कॉम्प्लेक्स, राजबंधा मैदान व मेडिकल कॉम्प्लेक्स मार्ग पर प्रतिदिन अव्यवस्थित पार्किंग के कारण जाम की स्थिति निर्मित हो रही थी। लगातार प्राप्त हो रही शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए, डीसीपी ट्रैफिक डॉ. अर्चना झा ने एसीपी शारदा चौक एवं यातायात थाना प्रभारी शारदा चौक को इस मार्ग पर प्राथमिकता के साथ सतत और सख्त अभियान चलाने के निर्देश दिए थे।

बग्घी पर श्रीराम-जानकी लक्ष्मण और हनुमान को कराएंगे नगर भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

20 अक्टूबर को विजयादशमी के मौके पर छत्तीसगढ़ नगर की दशहरा उत्सव समिति शाम 4 बजे भगवान राम, माता सीता और भ्राता लक्ष्मण और हनुमान का वेश धारण करने वाले कलाकारों को घोड़े की बग्घी में बैठाकर नगर भ्रमण कराएगी। बाजे-गाजे के साथ राउत नाचा की टीम जयकारों के साथ इस उत्सव में शामिल होगी। स्वागत के लिए हर घर के सामने रंगोली बनाकर, आरती उतारकर आशीर्वाद लिया जाएगा। छत्तीसगढ़ नगर दशहरा उत्सव समिति के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने बताया कि दशहरा मैदान में पूरी मंडली की टीम पहुंचने पर मंच पर रामायण के प्रसंग प्रस्तुत किए जाएंगे। इसका मंचन ग्राम सोनपैरी के पुष्पांजलि मानस मंडली की टीम करेगी। उसके बाद 45 फीट ऊंचे रावण, 35-35 फीट के कुंभकर्ण एवं मेघनाथ के विशाल पुतले का दहन आधुनिक इलेक्ट्रिक रिमोट कंट्रोल से किया जाएगा। दशहरा उत्सव में कोलकाता के आतिशबाजों की टीम भव्य आतिशबाजी के लिए मौजूद रहेगी, जिसमें झरना, जय श्रीराम, विशाल वृक्ष, पहाड़ जैसे आकृति आतिशबाजी के दौरान देखने को मिलेगी। रावण दहन के बाद छत्तीसगढ़ी लोककला मंच भूपेंद्र साहू के रंग-सरोवर की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, अध्यक्ष रायपुर लोकसभा के सांसद बृजमोहन अग्रवाल होंगे, विशिष्ट अतिथि बतौर विधायक सुनील सोनी, प्रमोद दुबे, श्रीकुमार शंकर मेनन, सुशील सन्नी अग्रवाल, बद्री गुप्ता, निशा देवेंद्र यादव सहित गणमान्य शामिल होंगे।

- छत्तीसगढ़ दशहरा उत्सव समिति तैयारी में जुटी

छत्तीसगढ़ी भाषा में 12वीं तक पढ़ाई और रोजगार की मांग मंत्री से मिला प्रतिनिधिमंडल



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ी भाषा में कक्षा पहली से 12वीं तक पढ़ाई शुरू करने और एमए छत्तीसगढ़ी डिग्रीधारियों के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की मांग को लेकर छात्र-छात्राओं और छत्तीसगढ़ी भाषा प्रेमियों के प्रतिनिधिमंडल ने तकनीकी शिक्षा मंत्री गुरु खुशवंत साहेब से मुलाकात की। नवा रायपुर स्थित मंत्री के निवास पर हुई इस मुलाकात में छत्तीसगढ़ी भाषा में शिक्षा और रोजगार से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि राज्य के सभी स्कूलों में पहली से 12वीं तक छत्तीसगढ़ी भाषा की पढ़ाई शुरू की जाए। साथ ही छत्तीसगढ़ी भाषा में एमए करने वाले विद्यार्थियों के लिए रोजगार के अवसर विकसित किए जाएं।

मातृभाषा में शिक्षा का उठाया मुद्दा

छत्तीसगढ़ी भाषा छात्र संगठन के प्रमुख जितेंद्र कुमार साहू ने कहा कि आठवीं अनुसूची में शामिल 22 भाषाओं में से आठ भाषाओं की लिपि देवनागरी है। छत्तीसगढ़ी की लिपि भी देवनागरी होने के कारण इसमें लिपि संबंधी बाधा नहीं है। उन्होंने बताया कि वर्ष 1885 में हीरालाल काव्योपाध्याय ने छत्तीसगढ़ी व्याकरण लिखा था, जिसे जॉर्ज ग्रियर्सन ने स्वीकार किया था। साहू ने कहा कि नई शिक्षा नीति में मातृभाषा में शिक्षा देने पर जोर दिया गया है।





विभागीय टीईटी पर शिक्षा विभाग की चुप्पी से शिक्षक नाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में विभागीय टीईटी परीक्षा के संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग के उदासीन रवैये को लेकर शिक्षक नाराज हैं। इसके विरोध में शिक्षक साझा मंच ने संघर्ष का ऐलान कर दिया है। छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक, समग्र शिक्षक फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र राठौर ने कहा है कि सरकार और विभागीय अधिकारियों के साथ कई दौर की वार्ता के बाद भी अब तक विभागीय टीईटी परीक्षा की घोषणा नहीं की गई है, केवल आश्वासन ही दिया जा रहा है। इससे शिक्षकों में भारी नाराजगी है। यदि इस संबंध में जल्द आधिकारिक आदेश जारी नहीं किया गया तो शिक्षक साझा मंच प्रदेशव्यापी आंदोलन करने बाध्य होगा। श्री राठौर ने दो टूक कहा कि शिक्षक साझा मंच आंदोलन के दौरान शिक्षा मंत्री से हुई वार्ता के बाद लगातार विभाग के संपर्क में रहा है। शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ तीन बार टेबल टॉक भी हो चुकी है। इन बैठकों में वर्ष में तीन बार विभागीय टीईटी परीक्षा आयोजित करने की बात स्पष्ट रूप से सामने आई थी। इसके बावजूद आज तक परीक्षा आयोजन को लेकर कोई आधिकारिक पत्र जारी नहीं किया गया। यह शिक्षकों के साथ गंभीर उपेक्षा और वादाखिलाफी है।

- शिक्षक साझा मंच ने दी आंदोलन की चेतावनी